तापमान
अधिकतम 31.0 डिग्री
न्यूनतम 26.0 डिग्री

हरिभूमि
# जींद-कैथल भूमि

रोहतक, गुरुवार, 28 अगस्त 2025

10 श्रद्धालुओं ने गणपति बप्पा को घर में करवाया विराजमान



10 जहरीली छोड़कर प्राकृतिक खेती को अपनाएं



## खबर संक्षेप

### जींद:जिला कष्ट निवारण समिति की बैठक 29 को

**जींद।** डीसी मोहम्मद इमरान रजा ने बताया कि जिला के आमजन की शिकायतों और समस्याओं के समाधान हेतु जिला परिवाद एवं कष्ट निवारण समिति की मासिक बैठक 29 अगस्त को सुबह 10 बजे स्थानीय डीआरडीए हॉल में होनी निश्चित हुई है। बैठक की अध्यक्षता हरियाणा सरकार के शिक्षा मंत्री महिपाल ढांडा करेंगे।

### बाइक छीनने के मामले में पांच आरोपी गिरफ्तार

**कैथल।** सीआईए-1 पुलिस ने तेजी से कार्रवाई करते बाइक छीनने के मामले में 5 आरोपियों को काबू कर लिया। पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि शक्ति नगर, कैथल निवासी प्रदीप की शिकायत अनुसार 24 अगस्त की सुबह वह अपनी मोटरसाइकिल पर घर की ओर जा रहा था। जैसे ही वह ड्रेन सीला खेड़ा के पास पहुंचा, तो 3 मोटरसाइकिलों पर आए कुछ नकाबपोश युवकों ने उसकी बाइक छीन ली और फरार हो गए।

### अवैध असलहा के साथ युवक दबोचा

**जींद।** सीआईए स्टाफ ने गतौली के निकट युवक को काबू कर पिस्तौल बरामद किया है। जुलाना थाना पुलिस आरोपित से पूछताछ कर रही है। सीआईए स्टाफ को सूचना मिली थी कि गांव गतौली के निकट एक युवक अवैध असलहा के साथ खड़ा हुआ है। जो कहीं जाने की फिराक में है। सूचना के आधार पर पुलिस ने कार्रवाई करते युवक को काबू कर लिया।

### रास्ता रोककर मारपीट का आरोप, मामला दर्ज

**कैथल।** रास्ता रोककर मारपीट करने के आरोप में पुलिस ने दो व्यक्तियों के खिलाफ मामला दर्ज किया है। किछाना गांव के संदीप रवीश ने राजोद पुलिस को दी शिकायत में बताया कि 24 अगस्त की रात को जब वह गांव से जा रहा था तो अमित व एक अन्य युवक ने उसका रास्ता रोकते हुए उसके साथ मारपीट की। बाद में दोनों आरोपी मौके से फरार हो गए।

### कार की टक्कर से बाइक सवार व्यक्ति की जान गई

**जींद।** ईगराह के निकट तेजरफ्तार कार की टक्कर से बाइक सवार व्यक्ति की मौत हो गई। सदर थाना पुलिस ने मृतक के भाई की शिकायत पर फरार कार चालक के खिलाफ मामला दर्ज किया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। गांव पोंकरीखेड़ी निवासी अशोक ने पुलिस को दी शिकायत मे बताया कि उसका भाई सीटू शाम की बाइक पर सवार होकर घर की तरफ लौट रहा था।

### गांव मुंदड़ी में मारपीट में एक घायल, शिकायत दर्ज

**कैथल।** गांव मुंदड़ी में हुई मारपीट में एक व्यक्ति घायल हो गया। उसे अस्पताल में दाखिल करवाया है। मुंदड़ी के धर्मवीर ने पुंडरी पुलिस को दी शिकायत में बताया कि 24 अगस्त को बजे जब वह गांव से जा रहा था तो गांव के ही युग उर्फ आंसू, सुदर्शन कुमार, सुनील दत्त, विकास कुमार और अनिल ने मिलकर उसके साथ मारपीट करते हुए उसे घायल कर दिया।

### स्वच्छ भारत अभियान को लेकर बैठक 29 को

**जींद।** डीसी मोहम्मद इमरान रजा ने बताया कि 29 अगस्त को सायं साढ़े 3 बजे स्थानीय लघु सचिवालय में स्वच्छ भारत अभियान बारे बैठक का आयोजन किया जाएगा। इस बैठक की अध्यक्षता मुख्यमंत्री के ओएसडी भारत भूषण भारती करेंगे। बैठक से संबंधित अधिकारी समय पर पहुंचना सुनिश्चित करें।

### बाइक चोरी के मामले में दो नाबालिग दबोचे

**कैथल।** बाइक चोरी के मामले में 2 नाबालिगों को निरुद्ध कर लिया गया। पुलिस प्रवक्ता ने बताया की सीवन गेट कैथल निवासी बलदेव सिंह की शिकायत अनुसार 29 मई को उधम सिंह पार्क कैथल से अज्ञात व्यक्ति उसकी बाइक को चोरी कर ले गए।

---

### नपा अधिकारी सरेआम दिखा रहे कानून के आदेशों को ठेंगा

# वाह रे वाह व्यवस्था...कोर्ट के आदेश पर सील किया प्रतिष्ठान, विकास ट्रेडिंग के नाम पर अवैध रूप से खोला

**करीब दो महीने पूर्व नियमों की अवहेलना और एनओसी की अनुपस्थिति के चलते सील किया गया था**

### पालिका एक्ट में नही कोई कानून जिसे सील किए प्रतिष्ठान को खोला जाए

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गुहला चीका

गुहला चीका में कोर्ट आदेश और पालिका एक्ट के तहत सील की गई एक संपत्ति को कथित रूप से अवैध रूप से दोबारा खोलने का मामला सामने आया है। शिकायतकर्ता राजपाल ने आरोप लगाए हैं कि पिहोवा रोड, वार्ड 17 स्थित जिस संपत्ति को दो माह पूर्व नियमों की अवहेलना और कई आवश्यक एनओसी की अनुपस्थिति के चलते सील किया गया था, उसे अब "विकास ट्रेडिंग कंपनी" के नाम से फिर से संचालित किया जा रहा है।

यह संपत्ति विना रानी (पत्नी विकास कुमार) के नाम पर है और इसका उपयोग पहले बिना अनुमति के राइस मिल के रूप में हो रहा था। पालिका प्रशासन ने कोर्ट आदेश, प्रदूषण नियंत्रण, सीएलयू और फायर एओसी की अनुपलब्धता के आधार पर यह कार्रवाई ड्यूटी मजिस्ट्रेट की निगरानी में की थी।



गुहला। प्रतिष्ठान को सील करने वाली टीम और सील किया गया प्रतिष्ठान। फोटो :हरिभूमि

**"विकास ट्रेडिंग" के नाम से कोई वैध रिकॉर्ड नहीं:** शिकायतकर्ता शिकायतकर्ता राजपाल का कहना है कि नगर पालिका ने "विकास ट्रेडिंग कंपनी" नामक किसी भी संस्था को लेकर कोई नोटिस जारी नहीं किया है, न ही इस नाम से कोई जमीन, रिकॉर्ड या स्वीकृति नगर पालिका में मौजूद है। यह संपत्ति अवैध रूप से पुनः खोली गई है, जो सीधी-सी बात में कोर्ट आदेश की अवमानना और पालिका कानूनों की खुली उल्लंघना है। **पूर्व में भी लग चुका है करोड़ों का चूना:** राजपाल ने यह भी दावा किया कि वर्ष 2012 में "विकास राइस" नाम की फर्म के जरिए विकास कुमार पहले भी हरियाणा सरकार को 9 से 10 करोड़ रुपये के धान घोटाले में चूना लगा चुका है। उस घोटाले की भरपाई चीका अनाज मंडी के आढ़तियों को करनी पड़ी थी।




**दस्तावेज सचिव के पास**

कार्यकारी अधिकारी राजेश कुमार से फोन पर बात की गई तो उन्होंने बताया कि वे अभी रास्ते में हैं। यह सभी दस्तावेज सचिव के पास हैं। बिना दस्तावेज वे कुछ नहीं कह पाएंगे।

**पल्ला झाड़ रहे अफसर**

अधिकारियों से बातचीत में स्पष्ट नजर आ रहा है कि अधिकारी मामले से अपना पल्ला झाड़ते नजर आ रहे हैं। कोई भी अधिकारी मामले में कुछ भी नहीं बता रहा है। राजपाल ने मामले को कानून की सीधी अवहेलना करार देते उच्च अधिकारियों से निष्पक्ष जांच व दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की है।

**नपा अधिकारियों पर मिलीभगत के आरोप**

शिकायतकर्ता ने आरोप लगाया कि इस अवैध पुनः संचालन में नगर पालिका सचिव जितेंद्र शर्मा, एमई राजेश कुमार और जेई खुशी राम की मिलीभगत है, जिन्होंने जेब गर्म कर गैरकानूनी ढंग से प्रतिष्ठान को दोबारा खुलवाया।

---



जींद। कार्रवाई के लिए पहुंची टीम। फोटो :हरिभूमि

# सीएम फ्लाइंग ने होटल में पकड़ी बिजली चोरी

- बिजली निगम करेगा होटल के खिलाफ कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

सीएम फ्लाइंग ने बुधवार को नरवाना रोड स्थित सुकून होटल पर छापेमारी की और यहां बिजली चोरी पाई गई। जिस पर सीएम फ्लाइंग टीम ने साथ में मौजूद बिजली निगम के जेई को रिपोर्ट दी। अब बिजली निगम द्वारा होटल पर जुर्माना कार्रवाई अमल में लाई जाएगी। गौरतलब है कि होटल के खिलाफ नरवाना रोड के लोगों द्वारा पिछले एक साल से धरना दिया जा रहा है। कालोनीवासियों का आरोप है कि यहां अनैतिक कार्य किए जाते हैं। जिससे यहां का माहौल खराब होता है। सीएम फ्लाइंग को सूचना मिली थी कि नरवाना रोड स्थित सुकून होटल में बिजली चोरी की जा रही है। जिस पर टीम का गठन किया गया। टीम का नेतृत्व सब इंस्पेक्टर बिजेंदर ने किया। इसके साथ बिजली निगम के जेई फकीरचंद भी साथ रहे। टीम ने जब होटल में जांच की तो वहां बिजली चोरी होना पाया। जिस पर सीएम फ्लाइंग ने रिपोर्ट तैयार कर बिजली निगम को सौंप दी। सब इंस्पेक्टर बिजेंदर ने बताया कि होटल में बिजली चोरी होना पाया गया है।

**होटल के खिलाफ पिछले एक साल से दे रहे धरना**

कालोनीवासियों ने बताया कि नरवाना रोड पर होटल खोला है, उसमें वेश्यावृत्ति को बढ़ावा दिया जा रहा है। यह स्कूल व कॉलेजों के लड़के व लड़कियों को दो-दो घंटे के लिए आते हैं। जिससे यहां का माहौल खराब हो रहा है। इस मामले की शिकायत स्थानीय पुलिस, एसपी से लेकर परिवेदना समिति बैठक में भी की जा चुकी है। संचालक ने गलत गतिविधियां ना करने के लिए वादा किया था। बावजूद इसके अनैतिक गतिविधियां शुरू हो गई हैं। होटल के सामने ही नरवाना रोड पर कालोनीवासियों का धरना भी चल रहा है। पुलिस द्वारा कार्रवाई न करने पर इनके हौंसलें बुलंद हो चुके हैं तथा यह झगड़ा करने पर उतारू हैं। जिससे जान व माल की हानि हो सकती है। इसलिए विषय की गंभीरता को देखते हुए भविष्य में कोई अनैतिक अपराध न हो उसको रोकने के लिए कार्रवाई की जाए।

---

# वर्क वीजा पर विदेश भेजने का झांसा दे सात लाख रुपये हड़पे

- राशि तथा पासपोर्ट वापस लौटाने से मना करने व धमकी देने का आरोप

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

वर्क वीजा पर विदेश भेजने का झांसा देकर सात लाख रुपये हडपने पर सदर थाना सफीदों पुलिस ने तीन लोगों के खिलाफ धोखाधड़ी का मामला दर्ज किया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। गांव साहनपुर निवासी सुरेश ने पुलिस को दी शिकायत मे बताया कि उसका संपर्क वर्ष 2023 मे गांधी नगर गन्नौर निवासी अमित व उसके साथियों से हुआ। जो आने दोस्तों के साथ युवकों विदेश भेजने का कार्य करते थे। आरोपितों के झांसे में आकर उसने भांजे अलेवा निवासी अनिल को वर्क वीजा पर विदेश भेजने के लिए कहा। जिसकी एवज में आरोपितों ने सात लाख रुपये की डिमांड की। सितंबर 2023 से अक्टूबर 2023 तक आरोपितों को राशि दे दी। साथ आरोपितों ने उसके भांजे का पासपोर्ट व अन्य दस्तावेज ले लिए। बावजूद इसके उसके भांजे को विदेश नही भेजा। जब वह विदेश भेजने के बारे मे पूछता तो आरोपित बहाना बना कर समय को आगे ले जाते रहे। जब लंबे समय तक उसके भांजे को विदेश नही भेजा गया तो उसने रुपयों के लिए दबाव डाला। जिस पर आरोपितों ने रुपये तथा पासपोर्ट लौटाने से मना कर दिया और बुरा अंजाम भुगतने की धमकी दी। सफीदों पुलिस ने सुरेश की शिकायत पर अमित, मतलौडा निवासी रवि, गन्नौर निवासी सुनील के खिलाफ धोखाधड़ी समेत विभिन्न धाराओं के तहत केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

# निवेश का झांसा देकर व्यापारी से १.50 करोड़ की ठगी

- निवेश करने पर न मिले रुपये और न मुनाफा, धमकी देने का आरोप

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद




व्यापारी को प्रोजेक्ट में निवेश का झांसा देकर ठेकेदार द्वारा 2.50 करोड़ रुपये हड़पने का मामला सामने आया है। व्यापारी का आरोप है कि न तो उसकी राशि का निवेश किया गया और न ही आरोपित ने राशि को वापस लौटाया। उचाना थाना पुलिस ने व्यापारी की शिकायत पर ठेकेदार के खिलाफ धोखाधड़ी समेत विभिन्न धाराओं के तहत मामला दर्ज किया है। गांव खटकड़ की पाइप निर्माता कंपनी के पार्टनर अभिषेक जैन ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि उसकी गांव खटकड़-बरसोला रोड पर पाइप निर्माण की फैक्टरी है। वह अंबाला के जेबीसीओ पावरटैक पीवीटी एलटीडी कंपनी के ठेकेदार अनमोल साहनी के साथ पिछले कुछ सालों से पाइप खरीदने का काम कर रहा है। जिसके बदले में समय पर पेमेंट कर देता रहा है। दिसंबर 2023 में अनमोल उससे मिला और नया प्रोजेक्ट शुरू करने की बात कही। जिसने कहा कि प्रोजेक्ट पर दो करोड़ 50 लाख रुपये का निवेश करना होगा। मुनाफे के रूप में तीन करोड़ 60 लाख रुपये वापस करेगा। हर महीने 45 लाख रुपये किश्त के रूप में उसे देगा। आठ महीने में वह मुनाफे समेत पूरी राशि लौटा देगा। जिसके चलते वह अनमोल के झांसे में आ गया। आठ दिसंबर 2023 से लेकर 11 जनवरी 2024 तक उसने अनमोल को ऑनलाइन और कैश के राशि दे दी।

**धोखाधड़ी का मामला दर्ज**

समय अवधि पूरी होने पर उसने 45 लाख रुपये की पहली किश्त देने को कहा तो आरोपित बहानेबाजी करने लगा। इसी तरह उनके महीने निकाल गए। दबाव बनाने पर अनमोल ने आठ चैक बना कर दे दिए। जब उसने चेक खाते में लगाए तो वे बाउंस हो गए। जब उसने अनमोल से रुपये तथा मुनाफा देने के लिए कहा तो आरोपित ने देने मना कर दिया और बुरा अंजाम भुगतने की धमकी दी। जब उसने अपने स्तर पर छानबीन की तो पता चला कि आरोपित अनमोल ने कोई निवेश नही किया। आरोपित ने प्रोपर्टी और फिल्म में यह पैसा लगाया है। उचाना थाना पुलिस ने व्यापारी अभिषेक की शिकायत पर आरोपित अनमोल साहनी के खिलाफ धोखाधड़ी का केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

---

# जींद-कैथल में वकीलों ने रखा वर्क सस्पेंड

- अंबाला के दो अधिवक्ताओं पर मामला दर्ज किए जाने पर रोष

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

जिला बार में बुधवार को वर्क सस्पेंड रखा गय। अधिवक्ताओं के वर्क सस्पेंड रखने के चलते अदालतों में अपने कामों के लिए आए लोगों को परेशानी का सामना करना पडा। जिला बार के आह्वान पर बुधवार को अधिवक्ता प्रधान विकास लोहान के नेतृत्व में एकत्रित हुए। बताया कि अंबाला प्रधान की कॉल आई थी और उन्होंने बताया कि अंबाला बार के दो अधिवक्ताओं पर एसडीओ बिजली निगम की शिकायत पर पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है। जोकि झूठा है और पूरे हरियाणा में आज स्ट्राइक की गई है। मांग की गई है कि अंबाला के जिन अधिवक्ताओं पर मामला दर्ज किया गया है, उसे रद्द किया जाए। उन्होंने बताया कि अंबाला के अधिवक्ताओं की प्रोपटी का कुछ मामला विचाराधीन है। जिसकी एवज में शिकायत बिजली निगम से की गई थी। बिजली निगम एसडीओ ने बिना जांच के अधिवक्ताओं पर मामला दर्ज करवा दिया। उन्होंने कहा कि मामले की जांच कर एफआईआर को रद्द किया जाए। अधिवक्ताओं के वर्क सस्पेंड पर रहने से पेशी भुगतने आए लोगों को परेशानी हुई।



**लोगों को उठानी पड़ी परेशान**

**कैथल।** अंबाला में दो वकीलों के खिलाफ झूठी एफआईआर दर्ज करने के विरोध में कैथल के वकीलों ने हड़ताल की। आज वकीलों ने कोई काम नहीं किया जिससे दूर दूर से आए मुवक्किलों को भारी परेशानी हुई। चैंबर परिसर खाली खाली रहा। एसोसिशन की तरफ से हर अदालत के बाहर एक प्रोक्सी काउंसिल खड़ा किया गया था जो आज के केसों में आगे की तारीख ले रहा था। जिला बार एसो प्रधान संदीप शर्मा ने कहा कि मामले में वे अंबाला के वकीलों के साथ हैं। अंबाला से जो भी काल आएगी हम उनके साथ कंधे से कंधा मिलाकर खड़े रहेंगे।

### मांगों को लेकर जीएम से प्रतिनिधिमंडल मिला

**जींद।** रोडवेज कर्मचारी यूनियन हरियाणा 1004 जींद डिपो की बैठक यूनियन कार्यालय में डिपो प्रधान राममेहर रेढू की अध्यक्षता में हुई। मंच संचालन नीतीश शर्मा ने किया। बैठक में विशेष रूप से कार्यकारणी प्रदेश अध्यक्ष अनूप लाठर शामिल हुए। बैठक में डिपो के कर्मचारियों की मांगों और समस्याओं को रखा गया। यूनियन की कार्यशैली को देखते बहुत सारे कर्मचारी अन्य यूनियनों को छोड़कर रोडवेज कर्मचारी यूनियन हरियाणा 1004 में शामिल हुए। अनूप लाठर और राममेहर रेढू ने कहा कि नए कर्मचारियों के शामिल होने से संगठन को काफी मजबूती मिलेगी। दौरान राजकुमार रधाना को डिपो चैयरमेन, बिजेंद्र सांगवान को मुख्य संगठनकर्ता, जगमहेंद्र को वरिष्ठ उपाध्यक्ष व रवींद्र पौडिया को संगठन सचिव बनाया गया। इसके बाद डिपो स्तर की समस्याओं के लिए जीएम से प्रतिनिधिमंडल मिला। जसबीर चहल, मनदीप रेढू, जयभगवान खर्ब, राजेंद्र सोलंकी, सुरेंद्र मलिक, प्रदीप कुंडू, नरेंद्र शर्मा, सुभाष वैध, भीम सिंह मौजूद थे।

# खेडा खेमावती में 16 वर्षीय नाबालिग लड़की बच गई बालिका वधु बनने से

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

बाल विवाह निषेध अधिकारी कार्यालय टीम की सर्तकता से खेड़ा खेमावती गांव में बालिका को वधु बनने से बचाया। टीम ने बाल विवाह की सूचना पर तत्परता से कार्रवाई करते नाबालिग की शादी को रूकवाया और साथ ही परिजनों को विवाह न करने के लिए चेताया। इसके अलावा बाल विवाह अधिनियम की जानकारी भी दी। जिस पर परिजनों ने आश्वासन दिया कि अब वह बालिग होने पर ही विवाह करेंगे। बाल विवाह निषेध अधिकारी सुनीता को सूचना मिली थी कि गांव खेडा खेमावती में एक नाबालिग लड़की की शादी करवाई जा रही है और बारात सोनीपत जिले के रामगढ़ से आने वाली है। कार्रवाई करते रवि, हवलदार ओमप्रकाश, महिला सिपाही रीतु, नीलम, प्रवीन के साथ मौके पर पहुंचे। टीम ने जन्म से संबंधित कागजात मांगे तो परिजनों ने टाल मटोल की कोशिश की और उम्र पूरी होने की बात कही जब कार्यालय में सबूत दिखाए तो लड़की की उम्र मात्र 16 वर्ष पाई गई।



जींद। मौके पर कार्रवाई करते टीम। फोटो :हरिभूमि

---

### बस्ती से पानी निकालने का काम शुरू, लोगों को मिलेगी राहत

# जाम के बाद जागा प्रशासन, जलनिकासी प्रारंभ

- तालाब ओवरफल, तेज बरसात के कारण घरों में घुसा बरसाती पानी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अलेवा

गांव दुड़ाना स्थित बाल्मीकि बस्ती के लोगों द्वारा बरसात के पानी से तालाब के ओवरफलो होने के कारण पानी बस्ती के घरों में घुसने के विरोध स्वरूप मंगलवार को दुड़ाना-पेगा लिंक मार्ग को जाम करने के बाद जिला प्रशासन ने बुधवार को तालाब पर इंजन लगाकर बस्ती के घरों से पानी निकालने का काम शुरू कर दिया है। जिससे जल्द ही बस्ती के घरों में घुसे पानी को निकाल दिया जाएगा। बाल्मीकि बस्ती के लोगों ने जाम के दौरान मौके पर पहुंचे अलेवा थाना प्रभारी आत्मा राम को बताया था कि करीब तीन-चार दिनों से बरसात की अधिकता के चलते बस्ती के साथ लगते तालाब का पानी ओवरफलो होकर बस्ती के घरों में जा घूसा है। जिसके कारण उनके रोज मर्रा के कामों के लिए काफी परेशानी उठानी पड़ रही है। इसके लिए शिकायत पंचायत तथा संबंधित विभाग के अधिकारियों को कई बार कर चुके हैं लेकिन उनकी समस्या का समाधान नही हो रहा है। जिसके कारण छोटे-मोटे काम भी इस बरसात के पानी से गुजरकर करने पड़ रहे हैं। पानी की अधिकता के चलते उनके पशुओं तक को घरों से बाहर रखना पड़ रहा है। गांव के लोगों ने जिला प्रशासन से तालाब के पास इंजन आदि लगाकर उनकी बस्ती के घरों में घुसे पानी को निकालने की मांग की थी ताकि बस्ती के लोगों को किसी समस्या का सामना न करना पड़े। जिला प्रशासन ने मामले की गंभीरता को देखते हुए बुधवार को तालाब के पास इंजन लगा कर बस्ती के घरों में घुसे पानी को निकालने का काम शुरू कर दिया है।



**पानी निकालने का काम शुरू: संदीप**

दुड़ाना गांव के सरपंच प्रतिनिधि संदीप ने बताया कि बस्ती के घरों में घुसे पानी को पाइप आदि लगाकर ईंजन के माध्यम से बुधवार को निकालने का काम शुरू कर दिया है। जिससे जल्द ही बस्ती के घरों में घूसे पानी को निकाल दिया जाएगा।

# कविता को एक वोट से हराकर पेगां की कार्यवाहक सरपंच बनी सुमन

- उपायुक्त ने सरपंच रतनी देवी को बीस दिन पूर्व किया था निलंबित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अलेवा

पेगां गांव की सरपंच रतनी देवी के निलंबन के बाद एसडीएम उचाना व उपायुक्त के निर्देशानुसार बुधवार को पेगां गांव की कार्यवाहक सरपंच का चुनाव कराने के लिए खंड विकास एवं पंचायत कार्यालय अलेवा में गांव के पंचों की एक बैठक बुलाई गई। जिसमें खंड विकास एवं पंचायत अधिकारी अलेवा अक्षयद्वीप चौहान ने भाग लिया। लगभग घंटा भर चली बैठक के दौरान गांव की दो महिला पंचों के बीच चुनाव करवाया गया। इसमें वार्ड नंबर 12 की पंच सुमन ने वार्ड नंबर चार की कविता को एक वोट से हराकर पेगां गांव की कार्यवाहक सरपंच का चुनाव जीता। बीडीपीओ अलेवा अक्षयद्वीप चौहान ने बताया कि जींद के डीसी मोहम्मद इमरान रजा ने गांव की सरपंच रतनी देवी को शामलात भूमि की पट्टा राशि को देरी से जमा कराने के मामले में 20 दिन पूर्व निलंबित किया था। एसडीएम व डीसी के निर्देशानुसार 19 पंचों के बीच कार्यवाहक सरपंच का चुनाव कराया गया। इसमें सुमन को खुद समेत 10 वोट व कविता को खुद समेत नौ वोट मिलने के बाद सुमन ने एक वोट से जीत दर्ज की।

## खबर संक्षेप

### शहर में निकाली शोभा यात्रा

**नरवाना।** शहर की पुरानी अनाज मंडी में बुधवार से गणपति उत्सव कार्यक्रम शुरु हो गया। श्री सिद्धि विनायक सेवा समिति द्वारा आयोजित दसवें गणपति उत्सव की शुरुआत शोभायात्रा के साथ हुई। बुधवार को शहर में शोभा यात्रा निकाली गई जोकि बाबा गैबी साहब मंदिर से शुरू हुई। शोभा यात्रा में महिलाएं सिर पर कलश उठा कर शामिल हुई। बैंड बाजों के साथ निकाली गई यह शोभा यात्रा शहर के मुख्य मार्गो से होकर गुजरी और कार्यक्रम स्थल तक पहुंची।

### वित्तीय शिक्षा पर दो दिवसीय कार्यशाला

**जींद।** राजकीय पीजी कालेज के वाणिज्य विभाग में कॉमर्स सोसाइटी द्वारा राष्ट्रीय प्रतिभूति बाजार संस्थान के सहयोग से युवा नागरिकों के लिए वित्तीय शिक्षा विषय पर दो दिवसीय कार्यशाला का शुभारंभ कार्यकारी प्राचार्य डा. रणधीर सिंह की अध्यक्षता में किया गया। कार्यक्रम का सफल संचालन कॉमर्स सोसाइटी की संयोजक डा. ज्योति लडवाल द्वारा किया गया। रिसोर्स पर्सन रामफल पूनिया एवं बबिता ने छात्रों को धन प्रबंधन वित्तीय जागरूकता से संबंधित महत्वपूर्ण जानकारियां प्रदान की।

### गोपाल रत्न पुरस्कार के लिए आवेदन पंद्रह तक

**जींद।** केंद्रीय पशुपालन और डेयरी मंत्रालय द्वारा राष्ट्रीय पुरस्कार पोर्टल अवाड्स डॉटजीओवीडॉटइन के माध्यम से राष्ट्रीय गोपाल रत्न पुरस्कार के लिए ऑनलाइन नामांकन आमंत्रित किए हैं। इच्छुक पशुपालक 15 सितंबर तक उपरोक्त पोर्टल पर आवेदन भेज सकते हैं। डीसी मोहम्मद इमरान रजा ने बताया कि मत्स्य पालन पशुपालन और डेयरी मंत्रालय के तहत पशुपालन और डेयरी विभाग, पशुपालन और डेयरी क्षेत्र के प्रभावी विकास के लिए अथक प्रयास कर रहा है।

### मेरी फसल, मेरा ब्योरा पोर्टल पर पंजीकरण 31 अगस्त तक

**जींद।** सरकार की ओर से मेरी फसल, मेरा ब्योरा पोर्टल पर खरीफ फसलों का पंजीकरण किया जा रहा है। सरकार द्वारा पंजीकरण के लिए निर्धारित अंतिम तिथि 31 अगस्त है। ऐसे में जिन किसानों ने अभी तक खरीफ फसलों का पंजीकरण नहीं करवाया है, वह 31 अगस्त तक पंजीकरण करवा सकते हैं। डीसी मोहम्मद इमरान रजा ने बताया कि विभिन्न योजनाओं का लाभ लेने के लिए किसान का पोर्टल पर पंजीकरण अनिवार्य है।

### बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ की दिलाई शपथ

**जुलाना।** जुलाना क्षेत्र के अनूपगढ़ गांव में स्वास्थ्य विभाग की टीम द्वारा जागरूकता अभियान चलाया गया। टीम ने गांव में बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ की शपथ दिलाई गई। हेल्थ सुपरवाइजर मनजीत भोला ने महिलाओं को संबोधित करते हुए कहा कि बेटियां एक नही बल्कि दो घरों का नाम रोशन करती हैं। आज के समय में बेटा बेटी में कोई अंतर नही है। केवल मानसिकता का फर्क है। बेटियां आज के युग में शिक्षाए खेल व अन्य क्षेत्रों में लड़कों से कहीं आगे हैं।

### ब्लैकमेल कर महिला का किया यौन शोषण

**जींद।** सदर थाना सफीदों इलाका गांव में महिला के साथ दुष्कर्म कर अशील वीडियो बना ब्लैकमेल कर यौन शोषण करने तथा रुपये और जेवर ऐंठने का मामला सामने आया है। सदर थाना सफीदों पुलिस ने पीड़िता की शिकायत पर आरोपित के खिलाफ यौन शोषण करने, ब्लैकमेल करने, चोरी करने समेत विभिन्न भारतीय न्याय संहिता के तहत मामला दर्ज किया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

### रामथली में बरसात से गरीब का घर क्षतिग्रस्त

**गुहला चीका।** उपमंडल गुहला चीका के अंतर्गत रामथली गांव में मूसलाधार बारिश से ग्रामीण दीपक के घर की छत अचानक गिर गई। घटना रात करीब 12 बजे हुई, जब परिवारजन नींद में थे। गनीमत यह रही कि जिस कमरे की छत गिरी, उसमें उस समय कोई मौजूद नहीं था, अन्यथा जानमाल की हानि हो सकती थी। दीपक की पत्नी पूजा ने बताया कि कुछ सेकंड पहले उनका दिव्यांग देवर श्याम सुंदर पानी पीने दूसरे कमरे में चला गया था।

## जिले में जगह-जगह सजे भव्य गणेश पंडाल

# श्रद्धालुओं ने गणपति बप्पा को घर में करवाया विराजमान

### आगामी 10 दिन तक श्रद्धालु पंडालों में भगवान गणपति की पूजा करेंगे, पूजा अर्चना कर सुखद भविष्य की कामना की

**रात को सभी पंडालों में स्थानीय तथा बाहर से आए कलाकारों द्वारा भक्ति कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

गणेश चतुर्थी पर्व को लेकर बुधवार को श्रद्धालुओं ने भगवान गणति को घरों में तथा समाजसेवी संस्थाओं ने पंडालों में स्थापित किया। श्रद्धालुओं द्वारा भगवान गणेश की मूर्ति स्थापित कर पूजा अर्चना की गई। आगामी 10 दिन तक श्रद्धालु पंडालों में भगवान गणपति की पूजा करेंगे। स्कीम नंबर 19 स्थित दंत चिकित्सक डा. विवेक सिंगला ने अपने आवास पर भगवान गणपति की स्थापना की। भक्तगण भगवान गणेश को दस दिनों के लिए अपने घर ले आते हैं तथा पूरी आस्था और श्रद्धा से मूर्ति की स्थापना करते हैं। हिंदू धर्म में ऐसी मान्यता है कि जब गणेश भगवान घर पर आते हैं तो ढ़ेर सारी सुख, समृद्धि, बुद्धि और खुशी ले आते हैं। हालांकि जब वो हमारे घर से प्रस्थान करते हैं तो हमारी सारी बाधाएं तथा परेशानियों को साथ ले जाते हैं। गणेश महोत्सव को लेकर जिला में जगह-जगह भव्य गणेश पंडाल सजाए गए हैं। बुधवार को प्रथम दिन श्री गणपति जी की मूर्ति स्थापना की गई और पूजन कार्यक्रम हुए। रात को सभी पंडालों में स्थानीय तथा बाहर से आए कलाकारों द्वारा भक्ति कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए। रिद्धि-सिद्धि क्लब द्वारा पुरानी सब्जी मंडी के निकट गणेश महोत्सव की शुरुआत मूर्ति स्थापना से की गई। श्रद्धालुओं ने यहां पूजा अर्चना कर सुखद भविष्य की कामना की। वहीं मुख्य बाजार में भी भगवान गणपति की पूजा के लिए पंडाल सजाया गया। ठीक दस दिन बाद गणेश विसर्जन किया जाएगा।



जींद। भगवान गणपति की पूजा करते श्रद्धालु।



फोटो :हरिभूमि


जींद। कार्यक्रम में भाग लेते बच्चे। फोटो :हरिभूमि


जींद। जयंती देवी मंदिर में झूले पर बैठाए गए भगवान गणपति। फोटो :हरिभूमि

### मुश्किलों को हटाते है भगवान गणपतिः शास्त्री

जयंती देवी मंदिर के पुजारी नवीन शास्त्री ने कहा कि भगवान गणपति लोगों के जीवन से सभी बाधाओं और मुश्किलों को हटाते है साथ ही साथ उनके जीवन को खुशियों से भर देते हैं। कोई भी नया काम करने से पहले भारत में लोग भगवान गणेश की पूजा करते हैं। वो सभी बच्चों के लिये सबसे प्यारे भगवान हैं। लोग ऐसा भरोसा करते हैं कि गणेश जी हर साल ढ़ेर सारी खुशी और समृद्धि के साथ आते हैं और जाते वक्त सभी दुखों को हर जाते हैं।

### यदुवंशी स्कूल में गणेश चतुर्थी का पर्व मनाया

**जींद।** यदुवंशी शिक्षा निकेतन बीबीपुर में गणेश चतुर्थी का पर्व बड़े उत्साह और श्रद्धा के साथ मनाया गया। विद्यालय परिसर में विघ्नहर्ता भगवान गणेश की भव्य प्रतिमा की स्थापना की गई और विधिवत पूजन अर्चन के साथ कार्यक्रम का शुभारंभ हुआ। पूजन के पश्चात विद्यार्थियों ने रंगारंग सांस्कृतिक प्रस्तुतियों से सभी का मन मोह लिया। नृत्य, भजन व गणेश वंदना से वातावरण भक्तिमय हो उठा। विद्यालय के कला एवं शिल्प विभाग द्वारा आयोजित आर्ट एंड क्राफ्ट गतिविधियों में बच्चों ने भगवान गणेश की सुंदर प्रतिमाएं, रंगोली एवं हस्तनिर्मित सजावटें बनाकर प्रतिभा का प्रदर्शन किया।

### महाराजा अग्रसेन कन्या स्कूल में बनाई गणेश चतुर्थी



**जींद।** स्थानीय विद्यालय महाराजा अग्रसेन कन्या वमावि में गणेश चतुर्थी बड़े धूमधाम से मनाई गई। आयोजन में कक्षा नर्सरी से कक्षा चौथी तक के छात्रों के मध्य के क्ले मॉडलिंग की प्रतियोगिता का आयोजन हुआ। इसमें सभी छात्र अपने घर से गणेश जी की सुंदर-सुंदर प्रतिमा बना कर लाएं। विद्यालय में गणेश जी की आरती का आयोजन किया गया। विद्यालय प्रधान महावीर गुप्ता ने कहा कि गणेश जी देवों में प्रथम पूजनीय हैं। इनकी पूजा से हमारे कार्य सिद्ध होते हैं। विद्यालय प्रधानाचार्य रीटा अरोड़ा ने प्रथम द्वितीय व तृतीय आने वाले छात्रों को पुरस्कार देकर प्रोत्साहित किया। विद्यालय में समय-समय पर ऐसी प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जाता है। इससे बच्चों का मानसिक व बौद्धिक विकास होता है।

### उल्लास के साथ गणेश चतुर्थी का आयोजन



**जींद।** मोतीलाल नेहरू पब्लिक विद्यालय की प्राथमिक विभाग की सैपलिंग शाखा में बड़े हर्ष और उल्लास के साथ गणेश चतुर्थी का आयोजन किया । विद्यालय के नन्हे-मुन्ने विद्यार्थियों और पहली कक्षा से कक्षा पांचवीं तक के बच्चों ने सक्रिय भागीदारी करते अपनी सृजनात्मक प्रतिभा का प्रदर्शन किया। इस आयोजन का शुभारंभ भगवान गणेश की वंदना से किया गया। अध्यापकों ने नन्हे-मुन्ने बच्चों को गणेश चतुर्थी के महत्व के बारे में विस्तार से बताया। बताया कि गणेश जी को विघ्नहर्ताए बुद्धिदाता और मंगलकर्ता के रूप में पूजा जाता है। गणेश चतुर्थी का पर्व न केवल धार्मिक दृष्टिकोण से बल्कि सांस्कृतिक और सामाजिक दृष्टिकोण से भी अत्यंत महत्वपूर्ण है। यह पर्व बच्चों को हमारी समृद्ध परंपराओं से जोडने का अवसर प्रदान करता है। इस अवसर पर नन्हे-मुन्ने विद्यार्थियों ने कला गतिविधियों में भाग लेकर अपनी कल्पनाशक्ति को मूर्त रूप दिया।

### विजेताओं को प्रशस्ति पत्र देकर किया सम्मानित

**नरवाना।** राजकीय मॉडल संस्कृति वमावि जींद में जिला स्तरीय विज्ञान सेमिनार और विज्ञान प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। विज्ञान सेमिनार में राजकीय कन्या वमावि नरवाना की छात्रा एकता ने खंड नरवाना की ओर से भाग लेते प्रथम स्थान प्राप्त किया और विज्ञान प्रदर्शनी में विद्यालय की छात्रा अवनी ने जिला स्तर पर तीसरा स्थान प्राप्त कर 8000 रुपये की राशि जीती। उप जिला शिक्षा अधिकारी जींद ने विजेताओं को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। विद्यालय प्राचार्य जयनारायण ने विजेता प्रतिभागियों को अपनी शुभकामनाएं दी और विद्यालय के सभी मेहनती स्टाफ की प्रशंसा की। उन्होंने विशेष तौर पर इन बच्चों को तैयार करने और सही मार्गदर्शन करने के लिए विद्यालय के प्रवक्ता मनोज जैस्ट, राजेश गर्ग, गीतांजलि और विक्की के योगदान की प्रशंसा की। इसके अलावा पीएमश्री राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय नरवाना में नरवाना खंड का खंड स्तरीय कला उत्सव का आयोजन किया गया।



राजकीय कन्या स्कूल की विजेता छात्रा को सम्मानित करते हुए।



प्रशिक्षण शिविर में भाग लेने वाले प्रशिक्षणार्थी अपने प्रमाण पत्रों के साथ।

### जैविक खेती प्रशिक्षण शिविर का समापन

**नरवाना।** जैविक खेती एक ऐसी पद्धति है, जिसमें रासायनिक उर्वरकों कीटनाशकों और खरपतवारनाशकों के स्थान पर जीवांश खाद पोषक तत्वों गोबर की खाद कम्पोस्ट, हरी खाद, जीवाणु कल्चर, जैविक खाद आदिद्ध जैव नाशियों बायो.पैस्टीसाईड व बायो एजेंट जैसे क्राईसोपा आदि का उपयोग किया जाता है। इससे न केवल भूमि की उर्वरा शक्ति लंबे समय तक बनी रहती है बल्कि पर्यावरण भी प्रदूषित नहीं होता और कृषि लागत घटने व उत्पाद की गुणवत्ता बढने से कृषक को अधिक लाभ भी मिलता है। इसी कड़ी में पंजाब नैशनल बैंक कृषक प्रषिक्षण केंद्र सच्चाखेड़ा में तीन दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसका मुख्य उद्देश्य जैविक खेती के बारे में लोगों को जागरूक करना था। इस मौके पर चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय हिसार से आए वैज्ञानिकों रामधन, अनिल कुमार व नरेंद्र कुमार ने उपस्थित किसानों को बताया कि हम किस प्रकार अपने घर में ही जैविक खाद तैयार कर सकतें हैं।

### छात्राओं को स्वास्थ्य के प्रति किया जागरूक

**अलेवा।** राजकीय कालेज अलेवा में राष्ट्रीय सेवा योजना और महिला प्रकोष्ठ के संयुक्त तत्वावधान में आयुष विभाग अलेवा द्वारा स्वास्थ्य जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्राचार्या सुनिता दुग्गल ने की तथा मुख्य रूप से डा. पिंकी सैनी ने भाग लिया। शिविर का मुख्य उद्देश्य छात्र-छात्राओं को स्वास्थ्य संबंधी महत्वपूर्ण विषयों के प्रति जागरूक करना था। मेडिकल टीम ने कालेज के सभी विद्यार्थियों का स्वास्थ्य परीक्षण किया और विभिन्न स्वास्थ्य मुद्दों पर विस्तृत जानकारी दी। इस दौरान मुख्य रूप से मासिक धर्म स्वच्छता, यौन स्वास्थ्य, एनीमिया, श्वेत प्रदर और नशे से होने वाले नुकसान पर जागरूकता फैलाई गई। इसके साथ ही एड्स और योग के महत्व पर भी व्याख्यान दिए गए। कालेज प्राचार्या सुनीता दुग्गल ने पहल की सराहना करते कहा कि शिक्षा के साथ-साथ विद्यार्थियों का शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य भी अत्यंत महत्वपूर्ण है। राष्ट्रीय सेवा योजना के कार्यक्रम अधिकारी डा. मनोज कुमार ने बताया कि इस शिविर से विद्यार्थियों को अपने स्वास्थ्य का ध्यान रखने और सही जानकारी प्राप्त करने में मदद मिली है।



अलेवा। विद्यार्थियों के स्वास्थ्य की जांच करती स्वास्थ्य विभाग की टीम।



जींद। युवा भूगोल संघ के चयनित पदाधिकारी। फोटो :हरिभूमि

### युवा भूगोल संघ का गठन किया

**जींद।** राजकीय महाविद्यालय जींद के भूगोल विभाग में विद्यार्थियों की उपस्थिति में युवा भूगोल संघ का गठन किया गया। इसमें मतों के आधार पर मोनिका को अध्यक्ष, कीर्ति को उपाध्यक्ष, अजय को सचिव, सचिन को संगठन सचिव तथा आकाश को संयुक्त सचिव चुना गया। इसके अलावा अन्य पदों के लिए 11 से अधिक उम्मीदवारों ने अपनी भागीदारी की पुष्टि की। इस चुनाव प्रक्रिया में 100 से अधिक विद्यार्थियों ने भाग लिया। चयन प्रक्रिया लोकतांत्रिक तरीके से संपन्न हुई और उम्मीदवारों ने महाविद्यालय की समस्याओं और वातावरण पर अपने विचार व्यक्त किए। इस अवसर पर महाविद्यालय के कार्यवाहक प्राचार्य डा. रणधीर सिंह ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि प्रत्येक चुनाव में अपना वोट अवश्य डालें। मंच का संचालन विक्रम सिंह ने किया।


जींद। प्रतियोगिता के विजेता बच्चे। फोटो :हरिभूमि

### भारोत्तोलन प्रतियोगिता में गौरव प्रथम

**जींद।** एकलव्य स्टेडियम में आयोजित जिला स्तरीय तैराकी प्रतियोगिता में डीएन मॉडल स्कूल के विद्यार्थियों ने अपनी जीत का परचम लहराकर अपने विद्यालय व अभिभावकों का नाम रोशन किया। अनिशा ने फ्री स्टाइल 100 मीटर में प्रथम, 200 मीटर फ्री स्टाइल में द्वितीय स्थान, मन्नू ढुल ने 50 मीटर बैकस्ट्रोक, 100 मीटर बैकस्ट्रोक, 50 मीटर बटरफ्लाई तीनों इवेंट में प्रथम, अंजली ने 200 मीटर बैकस्ट्रोक में द्वितीय, नव्या ने 200 मीटर बटरफ्लाई में प्रथम, 50 मीटर बटरफ्लाई में द्वितीय, जतिन ने 200 मीटर बटरफ्लाई में द्वितीय, 100 मीटर बटरफ्लाई में तृतीय, मनीत ने 200 मीटर आईएम में प्रथम, 100 मीटर बैकस्ट्रोक में प्रथम, 50 मीटर फ्लाई स्ट्रांग में द्वितीय स्थान प्राप्त किया। इसके अलावा सुप्रीम सीनियर सेकेंडरी स्कूल में भारोत्तोलन प्रतियोगिता में गौरव ने 65 किलोग्राम वर्ग में प्रथम स्थान प्राप्त कर स्कूल व अभिभावकों का नाम रोशन किया। विद्यालय प्रांगण में पहुंचने पर विजेता खिलाड़ियों के लिए सम्मान समारोह का आयोजन किया गया।

# पौधे हमारे के लिए महत्वपूर्ण : डा. मोर

- नशा मुक्ति के लिए पौधरोपण कर दिया स्वस्थ रहने का संदेश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद


जींद। हिंदू कन्या महाविद्यालय में पौधारोपण करते हुए। फोटो :हरिभूमि

जिला में नशा मुक्त भारत अभियान के तहत लगातार गतिविधियां संचालित की जा रही हैं। जिला को नशा मुक्त बनाने की पहल में स्कूलों और कॉलेजों के विद्यार्थियों को भाग लेने और भविष्य में नशा से दूर रहने के लिए प्रोत्साहित किया जा रहा है। इसी कड़ी में हिंदू कन्या महाविद्यालय में नशा मुक्त भारत अभियान के तहत एंटी.ड्रग्स अवेयरनेस सेल द्वारा पौधारोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसने छात्राओं को पर्यावरण संरक्षण के साथ-साथ नशा मुक्त समाज की दिशा में जागरूक किया। कार्यक्रम का आयोजन कालेज के हर्बल पार्क में किया गया। जहां अमरूद के पौधों का रोपण किया गया। इस अवसर पर 50 छात्राओं ने भाग लिया। जिन्होंने उत्साह जोश के साथ पौधा रोपण में योगदान दिया। कार्यक्रम का संचालन डा. सीमा दलाल ने किया। जिन्होंने छात्राओं को पौधारोपण के महत्व और नशा मुक्ति के बारे में विस्तार से जानकारी दी। प्राचार्या डा. पूनम मोर ने अमरूद का पौधा लगा कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। उन्होंने छात्राओं को संबोधित करते हुए कहा कि पौधे लगा कर और उनकी देखभाल करके हम न केवल पर्यावरण को संरक्षित कर सकते है।


जींद। कार्यक्रम में भाग लेते यूनियन सदस्य। फोटो :हरिभूमि

### कन्या भ्रूण हत्या पर सेमिनार

**जींद।** आशा वर्कर्स यूनियन हरियाणा जिला कमेटी जींद ने मजदूर भवन में कन्या भ्रूण हत्या के खिलाफ जागरूकता सेमिनार का आयोजन किया। इसकी अध्यक्षता यूनियन की जिला प्रधान नीलम व संचालन राजबाला ने की। इस सेमिनार में विभिन्न प्रगतिशील जन संगठनों के नेताओं ने हिस्सेदारी की। सेमिनार को संबोधित करते आशा वर्कर्स यूनियन हरियाणा की राज्य अध्यक्षा सुनीता ने बताया कि समाज में व्याप्त कन्या भ्रूण हत्या की गंभीर समस्या के खिलाफ ज ागरूकता फैलाने के उद्देश्य से प्रदेश भर में सेमिनार आयोजित किए जा रहे हैं। कन्या भ्रूण हत्या एक सामाजिक अभिषाप है। जो लिंग भेदभाव और अज्ञानता की वजह से पनप रहा है। सेमिनार के माध्यम से हम समाज को इस अमानवीय प्रथा के दुष्परिणामों, कानूनी प्रावधानों, और लिंग समानता के महत्व के बारे में जागरूक करना चाहते हैं। यह आयोजन विशेष रूप से ग्रामीण और शहरी समुदायों में महिलाओं और बच्चों के अधिकारों को बढ़ावा देने पर था। नीलम ने बताया कि राज्य स्तरीय जत्था 11 सितंबर से 13 सितंबर के बीच जींद जिला में रहेगा। जिसकी पीएचसी, सीएचसी व गांवों में कार्यक्रम होंगे।

## सात दिवसीय योग व्यायाम जीवन निर्माण शिविर का समापन

# जहरीली छोड़कर प्राकृतिक खेती को अपनाएं: आर्य

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

माता चन्नन देवी आर्य कन्या गुरूकुल पिल्लूखेड़ा में सात दिवसीय योग व्यायाम जीवन निर्माण शिविर का बुधवार को समापन हुआ। शिविर आर्य प्रतिनिधि सभा हरियाणा व वेद प्रचार विभाग गुरुकुल कुरुक्षेत्र द्वारा आयोजित किया गया। समापन पर गुरुकुल कुरुक्षेत्र से प्रधान राजकुमार गर्ग रहे। बताया कि महामहिम गुजरात के राज्यपाल आचार्य देवव्रत के निर्देशन में हरियाणा प्रांत में यज्ञ योग शिविरों वेद प्रचार का कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है। कुरुक्षेत्र गुरुकुल के अधिष्टा वेद प्रचारक रामनिवास आर्य ने बताया कि प्रत्येक किसान को जहरीली खेती छोड़ कर प्राकृतिक खेती को अपनाना चाहिए और इस तरीके के अभियान वह पूरे देश में चला रहे हैं। वरिष्ठ वेद प्रचारक महाशय जयपाल ने हवन करवाया और परमात्मा के आदेश वेद को पढ़ने का प्रथम कर्तव्य बताया। गुरुकुल की कन्याओं द्वारा गुरुकुल में व्यायाम योगासन स्तूप निर्माण, डंबल व लेजियम का प्रदर्शन किया गया। गुरुकुल के प्रधान कपिल देशवाल व उप प्रधान मा. आजाद ने सभी अतिथियों का स्वागत किया। गुरुकुल की प्रधानाचार्य ज्योति ने गुरुकुल की सभी गतिविधियों की जानकारी देते बताया कि गुरुकुल में हर रोज हवन व योग होता है तथा यह सभी विद्यालयों में अनिवार्य होना चाहिए।


जींद। शिविर में योगासन कर दिखाते छात्राएं। फोटो :हरिभूमि

### योग व प्राणायाम से नया जीवन मिल रहा

आज देश में लाखों बीमार व निराश लोगों को योग व प्राणायाम से नया जीवन मिला है। अमेरिका जैसे विकासशील देशों में दवाओं व नशे पर लाखों लोग बहुत भारी खर्च करते थे लेकिन अब भारतीय योग पद्धति को अपना कर लाखों लोग दवाओं व नशे से मुक्त हो चुके हैं। योग व प्राणायाम करते समय शरीर से जो ऊर्जा उत्पन्न होती है। प्रतिदिन योग करने से शारीरिक फिटनेस, लचीलापन और मांसपेशियों की ताकत बढ़ती है। तनाव और चिंता कम होती है। मानसिक स्पष्टता और फोकस बेहतर होता है। बेहतर नींद आती है। हृदय स्वास्थ्य में सुधार होता है और रक्तचाप नियंत्रित होता है।


जींद। एसपी से मिलने आए गायब हुए सुमित के परिजन। फोटो :हरिभूमि

### युवक को तलाश करने की मांग

**जींद।** बहुजन समाज पार्टी का प्रतिनिधि मंडल बुधवार को पुलिस अधीक्षक कुलदीप सिंह से मिला और करेला गांव के 25 वर्षीय युवक सुमित जो 14 अगस्त से लापता है को तलाश करने की मांग की। अधिवक्ता देशराज सरोहा ने कहा कि जुलाना थाना में 15 अगस्त को गुमशुदगी का मुकद्मा दर्ज होने के बावजूद भी जुलाना पुलिस ने अभी तक कोई कार्रवाई नहीं की 14 दिन भी जाने के बाद भी पुलिस को संदिग्ध व्यक्तियों के नाम देने के बाद भी अभी तक जुलाना पुलिस ने कोई कार्रवाई नहीं की। पूर्व प्रदेश महासचिव देशराज सरोहा एडवोकेट ने कहा की पुलिस अधीक्षक ने उनकी बात सुनी और सुमित को तलाश करके परिवार को जल्द सौंपने का आश्वासन दिया है। पिफर भी अगर जुलाना पुलिस सही कार्यवाही नहीं करती है तो बहुजन समाज पार्टी धरना व प्रदर्शन करने को मजबूर होगी। इस मौके पर परिवार के सदस्य सुमित की पत्नी मुकेश देवी, पिता रामफल, माता अनीता, राकेश दहिया, हलका प्रधान जुलाना बीएसपी संजय दहिया, मनीष कुमार, रामकिशन उमेद सिंह मौजूद थे।

खबर संक्षेप



## राजौंद में गोगा माड़ी पर लगा विशाल मेला

**राजौंद।** बुधवार को देर सांय श्रद्धालु भारी संख्या में नगर के मुख्य मार्ग से छड़ी लेकर नगर खेड़ा पहुंचे। जहां श्रद्धालु रात भर रूकने के बाद अगले दिन छड़ी गोगा माड़ी पर लेकर जाएंगे। इस बारे भगत मित्रपाल राणा ने बताया कि 1984 से यह छड़ी गोगामेड़ी पर चढ़ाई जाती है। यह छड़ी सतपाल भगत की याद में एक दिन पहले गांव के नगर खेड़ा पर लेकर जाते हैं। इसके बाद अगले दिन शाम 4 बजे यह छड़ी गोगामेड़ी पर चढ़ाई जाती है, सतपाल भगत की काफी श्रद्धा थी। मंगलवार रात को सतपाल भगत के आवास पर जागरण भी किया गया । इसमें हर बार छड़ियों की संख्या बढ़ा दी जाती है। बुधवार को 108 छड़ियां इसमें शामिल की गई हैं । इसमें 36 बिरादरी की एक कमेटी का गठन भी किया हुआ है जो इसकी देखरेख के साथ इस कार्यक्रम को संचारू रूप से चलने में पूरा सहयोग करती है।

## स्वच्छ भारत मिशन के तहत कार्यों की समीक्षा

**सीवन।** खंड विकास एवं पंचायत अधिकारी नेहा शर्मा ने आज सीवन खंड के सभी ग्राम सचिवों और कनिष्ठ अभियंताओं के साथ एक विशेष बैठक आयोजित की। इस बैठक का मुख्य उद्देश्य स्वच्छ भारत मिशन के तहत चल रहे कार्यों की समीक्षा करना और आगे की कार्ययोजना पर चर्चा करना रहा। बैठक में नेहा शर्मा ने स्पष्ट निर्देश दिए कि सभी ग्राम सचिव अपने-अपने गांवों में स्वच्छता की विशेष निगरानी करें। हाल ही में हुई बरसात के कारण कई गांवों के तालाब ओवरफ्लो हो गए हैं। उन्होंने कहा कि इन तालाबों के पानी की निकासी जल्द से जल्द सुनिश्चित की जाए ताकि किसी भी प्रकार की गंदगी या मच्छरों की समस्या उत्पन्न न हो। उन्होंने कहा कि गांव की फिरनी और सभी सार्वजनिक स्थानों की पूर्णतः सफाई करवाई जाए। हर गली-मोहल्ले में कचरा इकट्ठा न हो और गांववासियों को साफ-सुथरे वातावरण का अनुभव मिले।

## स्वच्छता अभियान में सबकी सहभागिता जरूरी

**कलायत।** एसडीएम अजय हुड्डा ने लघु सचिवालय स्थित सभागार में हरियाणा शहर स्वच्छता अभियान को लेकर अधिकारियों की बैठक ली और अभियान के सफल बनाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि इस अभियान का उद्देश्य कलायत शहर को सुंदर बनाना है। इसलिए आमजन की सहभागिता बहुत जरूरी है। सबसे पहले अधिकारी व कर्मचारी अपने-अपने कार्यालयों को साफ करना सुनिश्चित करें। इसके बाद अभियान के तहत जारी शेड्यूल अनुसार कार्य करें और कोई भी लापरवाही न बरती जाए। अभियान के तहत हर मोहल्ला, हर गली, हर मकान को स्वच्छ बनाने के लिए गंभीरता से कार्य करें। कूड़ा-कचरा प्रबंधन के लिए प्लान बनाया जाए और आमजन को भी इस संदर्भ में जागरूक भी किया।

गणेश चतुर्थी पर गांव फतेहपुर में हुआ श्री गणेश महोत्सव

# गणेश महोत्सव पर हर्षोल्लास से शहर में निकाली गई शोभायात्रा

भगवान गणेशजी रिद्धि-सिद्धि के दाता और विघ्नहर्ता है : निधि मोहन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पूंडरी



पूंडरी। भगवान गणेश की पूजा करते मुख्य यजमान रविवर्मा व निधि मोहन।

गांव फतेहपुर में स्थित माता मनसा देवी मंदिर में गणेश चतुर्थी के पावन अवसर पर श्री शिवशक्ति जागरण मंडल द्वारा श्री गणेश महोत्सव का आयोजन बड़े हर्षोल्लास के साथ किया गया। मंदिर प्रांगण से भव्य शोभायात्रा भी निकाली गई, जिसमें ग्रामीणों और श्रद्धालुओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया।

कार्यक्रम में मुख्य यजमान के रूप में रवि वर्मा लवली ज्वेलर्स, भाजपा नेत्री निधि मोहन और समाजसेवी मुनीश मित्तल ने विधिवत रूप से पूजा-अर्चना की। इस अवसर पर भाजपा नेत्री निधि मोहन ने कहा कि भगवान श्री गणेश जी हर कार्य के प्रथम पूज्य देवता हैं। किसी भी शुभ कार्य की शुरुआत श्री गणेश जी की स्तुति और आराधना से ही करनी चाहिए। वे रिद्धि-सिद्धि के दाता और विघ्नहर्ता हैं, जो हर परिस्थिति में अपने भक्तों की रक्षा करते हैं। समाजसेवी रवि वर्मा ने कहा कि भगवान गणेश जी से हमें धैर्य, विवेक और संकल्प शक्ति की प्रेरणा मिलती है।

वे ज्ञान और बुद्धि के देवता हैं, जो हमें सही मार्ग पर चलने की शक्ति प्रदान करते हैं। गणपति बप्पा मोरया के जयकारों से पूरा गांव गूंज उठा। कार्यक्रम आयोजक अजय वर्मा ने सभी मेहमानों को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया। इस अवसर पर बड़ी संख्या में श्रद्धालु मौजूद रहे और सभी ने भगवान श्री गणेश जी के चरणों में मत्था टेककर सुख-समृद्धि और मंगलमय जीवन की कामना की।

# गणेश चतुर्थी महोत्सव बड़े हर्ष और उल्लास के साथ मनाया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| राजौंद



राजौंद। कार्यक्रम में भाग लेते हुए विद्यार्थी व स्टाफ सदस्य।

किठाना पब्लिक स्कूल में गणेश चतुर्थी महोत्सव बड़े हर्ष और उल्लास के साथ मनाया गया। इस दौरान विद्यालय के सभी स्टाफ सदस्यों और विद्यार्थियों ने पूरे उत्साह और श्रद्धा के साथ भाग लिया।कार्यक्रम का शुभारंभ पारंपरिक गणेश वंदना से किया।

विद्यालय परिसर में गूंजते भजन और मंत्रों ने पूरे वातावरण को भक्तिमय बना दिया। इस दौरान विद्यालय की प्राचार्या डॉ. सुमन ढांडा ने विद्यार्थियों से कहा कि भगवान गणेश के गुण—ज्ञान, विनम्रता और नेतृत्व क्षमता—हर विद्यार्थी के जीवन में प्रेरणा का स्रोत हैं। उन्होंने सभी को इन आदर्शों को जीवन में अपनाने के लिए प्रेरित किया। अंत में सभी को प्रसाद वितरण किया गया। कार्यक्रम ने विद्यालय परिवार में एकता,भक्ति और उल्लास का अद्भुत वातावरण बना रहा। यह आयोजन इस बात का प्रतीक रहा कि विद्यालय केवल शिक्षा का ही नहीं बल्कि संस्कृति और संस्कारों के संरक्षण का भी केंद्र होता है।

### गणपति महाराजा की स्थापना

*कैथल। गणेश चतुर्थी पर सर्राफा बाजार में गणपति सेवा मंडल द्वारा गणपति महाराजा की स्थापना की गई। सर्वप्रथम इस कार्यक्रम में पार्क रोड हनुमान मंदिर से गणपति जी की मूर्ति को लाया गया, बेंडबाजों के साथ सर्राफा बाजार में 29 वां स्थापना दिवस बनाया जा रहा है।मंडल के प्रधान रिंकू वर्मा ने बताया कि 31 अगस्त को भंडारा किया जाएगा, चार सितंबर को श्री खाटू श्याम का जागरण होगा, छह सितंबर को गणपति जी की मूर्ति का विसर्जन ढोल-नगाड़ों के साथ काकौत नहर में किया जाएगा। रिंकू वर्मा ने बताया कि गणपति महाराज की प्रतिदिन सुबह सात बजे और शाम को सात बजे आरती होगी, आरती के बाद हर दिन भक्तों को प्रसाद का वितरण भी किया जाएगा। इस अवसर पर राकेश वर्मा, रोहित सर्राफ, राजकुमार वर्मा , सोनू वर्मा , रोहित सिंगला, भगवान दास वर्मा , डा. श्याम साहनी ,कमल छाबड़ा, राजेश निरवानिया सहित सर्राफा बाजार के सभी श्रद्धालु उपस्थित रहे।*

बीडीपीओ अनु टांक ने ग्राम सचिवों, जेई व सरपंचों की ली बैठक

# गांवों की स्वच्छता बनाए रखने के लिए सभी प्रतिनिधियों की भागीदारी जरूरी : अनु टांक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कैथल



कैथल। खंड विकास एवं पंचायत अधिकारी अनु टांक अधिकारियों की बैठक को संबोधित करते हुए। फोटो : हरिभूमि

स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण) को सफल बनाने के लिए खंड विकास एवं पंचायत अधिकारी कैथल अनु टांक ने ग्राम सचिव कनिष्ठ अभियंता व सरपंच की मीटिंग लेकर स्वच्छ भारत मिशन ग्रामीण के बारे में मीटिंग ली और गांव के सार्वजनिक स्थानो तालाब व गांव में जो भी दुकान व मार्केट है।

उनमें प्लास्टिक मैनेजमेंट का प्रबंध किया जाए सभी अपने गांव में बारिश के बाद जो तालाब और ओवर फ्लो हो गया उनका पानी निकाला जाए और अपने गांव में ज्यादा से ज्यादा समय लगाकर गांव को साफ और सुंदर बनाने में अपना ज्यादा से ज्यादा सहयोग करें। उन्होंने विशेष रूप से प्लास्टिक मैनेजमेंट पर जोर देते हुए कहा कि गांव के सार्वजनिक स्थानों, दुकानों और बाजारों में प्लास्टिक कचरे के प्रबंधन की उचित व्यवस्था सुनिश्चित की जाए। प्लास्टिक प्रदूषण न केवल पर्यावरण बल्कि लोगों की सेहत के लिए भी गंभीर खतरा है। बीडीपीओ अनु ने सभी सरपंचों व पंचायत प्रतिनिधियों को निर्देश देते हुए कहा कि वे अपने-अपने गांव में ज्यादा से ज्यादा समय देकर स्वच्छता अभियान में सक्रिय भूमिका निभाएं। स्वच्छ और सुंदर गांव न केवल लोगों के जीवन स्तर को बेहतर बनाते हैं, बल्कि आने वाली पीढ़ियों के लिए भी प्रेरणादायी माहौल तैयार करते हैं। बैठक में मौजूद अधिकारियों और सरपंचों ने भी आश्वासन दिया कि वे गांव-गांव जाकर लोगों को जागरूक करेंगे और स्वच्छ भारत मिशन को सफल बनाने में पूरा सहयोग करेंगे। अनु टांक ने कहा कि गांव की स्वच्छता ही प्रगति की पहली सीढ़ी है, इसलिए सभी को एकजुट होकर इस दिशा में काम करना चाहिए। इस अवसर पर स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण) कैथल के खंड संयोजक नरेंद्र चौशाला, सभी ग्राम सचिव, जेई आदि मौजूद रहे।

गणपति बप्पा को नगर में स्थापित किया

# शांति मोहल्ला सेवा समिति में गणेश उत्सव धूमधाम से शुरू

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सीवन



सीवन में शांति मोहल्ला में गणपति बाप्पा को विराजमान करवाने के बाद माथा टेकते श्रद्धालु।

शांति मोहल्ला सेवा समिति सीवन द्वारा हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी बड़े श्रद्धा और उत्साह के साथ गणेश उत्सव का शुभारंभ किया गया। समिति के सेवादारों ने बड़े हर्षोल्लास और शोभायात्रा के साथ गणपति बप्पा को नगर में लाकर स्थापित किया।

गणपति बप्पा की प्रतिमा को विधि-विधान और मंत्रोच्चार के बीच विराजमान कराया गया। समिति के प्रधान सुनील मुंजाल ने बताया कि इस आयोजन का उद्देश्य समाज में भक्ति, एकता और सद्भावना का वातावरण बनाना है। उन्होंने कहा कि पूरे उत्सव के दौरान प्रतिदिन सुबह और शाम को नियमित आरती की जाएगी तथा शाम को भजन-सत्संग का आयोजन होगा। पहले दिन का कीर्तन श्री आनंद पुर कुटिया की ओर से प्रस्तुत किया जाएगा, जिसमें भक्तगण बड़े उत्साह के साथ सम्मिलित होंगे। समिति के उपप्रधान मिनीत मुटरेजा और राहुल कक्कड़ ने बताया कि इस बार की सजावट और व्यवस्थाएं विशेष आकर्षण का केंद्र होंगी। गणपति पंडाल को आकर्षक लाइटिंग और रंग-बिरंगे फूलों से सजाया गया है, जिससे भक्तों को एक दिव्य वातावरण का अनुभव हो सके। कैशियर सुरेश मदान, मिंटू रहेजा, संदीप आर्य, देव मुंजाल, और रोशन आर्य सहित सभी समिति सदस्य लगातार व्यवस्थाओं में जुटे रहे।

## आमजन को नशा न करने के बारे में किया जागरूक

**कैथल।** नशा मुक्त हरियाणा मुहिम के तहत समाज को नशा मुक्त करने के उद्देश्य से एसपी आस्था मोदी के निर्देशानुसार चलाई जा रही मुहिम के तहत पुलिस टीम द्वारा कैथल जिले में आमजन को नशे के दुष्परिणामों बारे लगातार जागरूक किया जा रहा है।

गांव अजीमगढ, शादीपुर में डोर टू डोर अभियान चलाकर मौजिज व्यक्तियों सहित आमजन को नशे के प्रति जागरूक करने के साथ साथ इस अभियान को सफल बनाने में आमजन से सहयोग की अपील की है। स्कूल में विद्यार्थियों को नशे के दुष्परिणामों बारे अवगत करवाया।

जाट आईटीआई में विश्व उद्यमिता दिवस मनाया

# युवा केवल नौकरी लेने वाले न बनें : गोपेरा

- निबंध लेखन,पोस्टर मेकिंग स्लोगन प्रतियोगिता आयोजित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कैथल



जाट आईटीआई कैथल के विद्यार्थी प्रधानाचार्य कुलदीप गोपेरा के साथ

जाट आईटीआई कैथल में प्रधानाचार्य कुलदीप गोपेरा की अध्यक्षता में विश्व उद्यमिता दिवस के साथ-साथ निबंध लेखन,पोस्टर मेकिंग और स्लोगन प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया।

इनमें छात्र-छात्राओं ने बढ़-चढ़कर भाग लिया तथा अपनी रचनात्मकता, नवाचार तथा सकारात्मक सोच का परिचय दिया। कुलदीप गोपरा ने कहा—युवा केवल नौकरी लेने वाले न बनें,बल्कि रोजगार सृजन करने वाले बनें। उन्होंने बताया कि भारत सरकार 'आत्मनिर्भर भारत'और 'स्टार्ट-अप इंडिया'जैसी योजनाओं के माध्यम से युवाओं को उद्यमिता की दिशा में अग्रसर कर रही है।यदि विद्यार्थी इन योजनाओं को समझकर अवसरों का लाभ उठाएँ तो वे स्वयं भी सशक्त होंगे और समाज व राष्ट्र की प्रगति में सहभागी भी बनेंगे।जिस देश का युवा सशक्त और उद्यमी होगा,वही देश भविष्य में विश्वगुरु कहलाएगा।कार्यक्रम में मुख्य अतिथि जाट हाई स्कूल समिति के प्रधान राजकुमार बेनीवाल,उप-प्रधान बलजिंदर बनवाला,महासचिव एडवोकेट रश्मि ढुल तथा कोषाध्यक्ष बलकार नैन ने विद्यार्थियों को उद्यमिता की महत्ता,नवाचार की शक्ति और स्टार्ट-अप संस्कृति से अवगत कराया।उन्होंने विद्यार्थियों को भविष्य में चुनौतियों को अवसर में बदलने हेतु प्रेरित किया।

# खेल दिवस के उपलक्ष्य में 29 से 31 अगस्त तक होंगी खेल प्रतियोगिताएं

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कैथल



एडीसी दीपक बाबू लाल करवा अधिकारियों की बैठक को संबोधित करते हुए।

जिला खेल अधिकारी राजरानी ने बताया कि महानिदेशक खेल विभाग पंचकूला के आदेशानुसार खेल दिवस के उपलक्ष्य में 29 से 31 अगस्त तक जिले में विभिन्न खेल प्रतियोगिताएं आयोजित की जाएंगी।

इसके लिए ऑवर ऑल इंचार्ज बॉक्सिंग कोच गुरमीत सिंह को नियुक्त किया गया है। 29 अगस्त को हॉकी अकादमी हाबड़ी में हॉकी प्रतियोगिता आयोजित होगी। 30 को चौधरी छोटू राम इंडोर स्टेडियम कैथल में जिम व नशे के प्रति जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। फिटनेस, इंजरी हेतु सेमिनार किया जाएगा। 31 अगस्त सुबह सात बजे चौधरी छोटू राम इंडोर स्टेडियम कैथल साइकिल रैली तथा शाम चार बजे हरनौला गांव में खो-खो प्रतियोगिता होगी।

# उपभोक्ताओं से पीएम सूर्या घर योजना में सब्सिडी का लाभ उठाने की अपील

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पूंडरी



- पात्र के लिए कुल बिजली यूनिट की खपत 2400 यूनिट से कम होनी जरूरी : श्योकंद

पी.एम. सूर्या घर योजना के तहत उपभोक्ताओं को बड़ी राहत देते हुए कार्यकारी अभियंता प्रदीप श्योकंद ने अधिक से अधिक लोगों से इस योजना का लाभ उठाने की अपील की है।

यह योजना आम लोगों की बिजली जरूरतों को कम लागत में पूरा करने और उन्हें आत्मनिर्भर बनाने के लिए केंद्र और राज्य सरकार की ओर से शुरू की गई है। श्योकंद ने बताया कि जिन उपभोक्ताओं की फैमिली आई.डी. में वार्षिक आय 1 लाख 80 हजार रुपये तक है, उन्हें केंद्र सरकार की ओर से 60 हजार रुपये और राज्य सरकार की ओर से 50 हजार रुपये की सब्सिडी दी जाती है। वहीं, जिनकी आय 1 लाख 80 हजार से 3 लाख रुपये के बीच है, उन्हें केंद्र सरकार से 60 हजार और राज्य सरकार से 20 हजार रुपये की सब्सिडी का लाभ मिल रहा है। उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि इस योजना का लाभ उन्हीं उपभोक्ताओं को मिलेगा जिनकी अप्रैल 2024 से 31 मार्च 2025 तक कु ल बिजली यूनिट की खपत 2400 यूनिट से कम होगी।

## श्वेता स्कूल में करियर काउंसिल संगोष्ठी का किया आयोजन



**पूंडरी।** श्वेता रॉयल पब्लिक स्कूल पुंडरी में बच्चों के लिए करियर काउंसिल संगोष्ठी का आयोजन किया गया। इसमें कक्षा नवमी से कक्षा बारहवीं मेडिकल, नॉन मेडिकल, कॉमर्स स्ट्रीम के लिए तैयारी करने के बारे में अवगत करवाया गया और जिससे बच्चे भविष्य में बच्चो को जेई एडवांस, नीट और बैंकिंग के क्षेत्र में अच्छा करियर बना सकते हैं। साथ ही आने वाले समय में प्रतियोगी परीक्षाओं को पास करके आज के स्पर्धात्मक युग में अपना अच्छा करियर बना सकते हैं। साथ ही बच्चो को डिजिटल, शिक्षा, यूट्यूब, फेसबुक व सोशल मीडिया के दुष्प्रभावो से सचेत रहने को कहा। उन्होंने बताया कि ऑनलाइन शिक्षा की बजाय स्कूल कक्षा-कक्ष की पढ़ाई बेहतर हैं जो हमे चिंतन, मनन व स्वयं अध्ययन के लिए प्रेरित करती हैं।

# बिना हेलमेट 30 वाहन चालकों के काटे चालान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कैथल



सावधान! यदि आप लघु सचिवालय परिसर में किसी वाहन से प्रवेश कर रहे हैं, तो यातायात के सभी नियमों का शत प्रतिशत पालन करें, क्योंकि डीसी प्रीति के निर्देशानुसार पुलिस विभाग द्वारा यातायात नियमों का उल्लंघन करने वाले वाहन चालकों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जा रही है। बुधवार को करीब 30 लोगों के चालान किए गए।

डीसी प्रीति ने यातायात पुलिस कर्मचारियों को निर्देश दिए हैं कि लघु सचिवालय में बिना हेलमेट के या बिना सीट बेल्ट लगाकर आने वाले लोगों के चालान किए जाएं। जो भी नियमानुसार कार्रवाई हो, वह की जाए। इसमें चाहे कोई कर्मचारी हो या अधिकारी हो या अन्य आमजन। सभी के लिए यातायात नियमों का पालन किया जाना जरूरी है। इस मामले में कोताही स्वीकार नहीं होगी। आमजन से आह्वान किया जाता है कि वाहन चलाते समय नियमों का पालन करें। डीसी प्रीति ने कहा कि मानव जीवन बहुत अमूल्य है।

हमें स्वयं की सुरक्षा के साथ साथ अन्य लोगों की सुरक्षा का भी ध्यान रखना है। देखने में आया है कि अधिकतर सड़क हादसों में सबसे ज्यादा चोट सिर पर लगती है।

## एसडीएम कैप्टन प्रमेश सिंह ने सामाजिक संस्थाओं की बैठक ली

# चीका शहर को सुंदर और स्वच्छता में बनाएंगे प्रदेश में नंबर वन, आमजन करे पूरा सहयोग

सुझाव लेने के साथ साथ आवश्यक दिशा-निर्देश भी दिए

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कैथल



एसडीएम कैप्टन प्रमेश सिंह अधिकारियों की बैठक को संबोधित करते हुए।

एसडीएम कैप्टन प्रमेश सिंह ने हरियाणा शहर स्वच्छता अभियान के सफल आयोजन के लिए चीका शहर की सभी सामाजिक संस्थाओं की बैठक ली तथा उनके सुझाव लेने के साथ-साथ आवश्यक दिशा-निर्देश भी दिए।

उन्होंने सभी संस्थाओं से इस अभियान को सफल बनाने के लिए सहयोग की अपील की। इस अभियान में चीका शहर की सुंदरता व स्वच्छता को लेकर कार्य किए जाएंगें। यह अभियान 11 सप्ताह तक चलेगा, जिसमें शहर की साफ-सफाई, सरकारी कार्यालय, विद्यालय, अस्पताल, और सार्वजनिक स्थानों की सफाई पर विशेष ध्यान दिया जाएगा। एसडीएम सिंह ने बैठक के दौरान कहा कि हरियाणा शहर स्वच्छता अभियान एक जन जागरूकता कार्यक्रम है, जिसका उद्देश्य शहर को स्वच्छ बनाना है। उन्होंने इस अभियान के अंतर्गत नगरपालिका सचिव को शहर की सड़कों, गलियों, नालियों की साफ-सफाई के साथ उनके दुरुस्तीकरण के निर्देश दिए। शहर में लगी सभी स्ट्रीट लाइटें चैक की जाएं। शहर की मुख्य सड़कों पर साईन बोर्ड लगाएं जाएं। डिवाइडरों पर पौधे लगाएं जाएं।एसडीएम ने बैठक के दौरान संबंधित अधिकारी को चीका शहर में स्थित देवीलाल पार्क, ओल्ड घग्गर की सफाई, सब्जी मंडी, हैफेड वेयर हॉउसों पर पैंट, सरकारी कार्यालयों, विद्यालयों, अस्पताल की साफ-सफाई करने के निर्देश दिए।

उन्होंने कहा कि शहर में ज्यादा से ज्यादा पेड़-पौधे लगाए जाएं। पेड़ लगाने के पश्चात उनकी देखभाल करना भी सुनिश्चित करें। शहर के सफाई कर्मचारी कूड़ा न जलाएं। सफाई कर्मचारी अपनी डयूटी के दौरान लोगों को जागरूक भी करें। सभी सामाजिक संस्थाओं ने एसडीएम को इस अभियान में शामिल होकर सफल बनाने का आश्वासन भी दिया।

**बोली सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि राजकीय प्राथमिक पाठशाला बरोट-बंदराना (कैथल) में नकारा घोषित हुए 2 कमरों की बोली दिनांक 04-09-2025 को सुबह 10 बजे विद्यालय प्रांगण में करवाई जाएगी। जमानत राशि के तौर पर 10,000/- रुपये जमा करवाने होंगे। बोली के नियम व शर्तें मौके पर बताई जाएंगी।

मुख्य शिक्षक- 82953-22277 | एसएमसी प्रधान- 97282-24516

**बोली सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि राजकीय प्राथमिक पाठशाला पोबाला (कैथल) में नकारा घोषित हुए 1 कमरे की बोली दिनांक 04-09-2025 को सुबह 11 बजे विद्यालय प्रांगण में करवाई जाएगी। जमानत राशि के तौर पर 5,000/- रुपये जमा करवाने होंगे। बोली के नियम व शर्तें मौके पर बताई जाएंगी।

मुख्य शिक्षक 9996815855 | सतीश कुमार 9466318191

## खबर संक्षेप

### जिप सीईओ का हाबड़ी व भाना गांव का दौरा

**कैथल।** जिला परिषद के मुख्य कार्यकारी अधिकारी (सीईओ) सुरेश राविश ने बुधवार को पूंडरी खंड के हाबड़ी व भाना गांव का दौरा किया और सफाई कार्य का निरीक्षण किया। उन्होंने हाबड़ी गांव में स्वयं की देखरेख में तालाब की सफाई करवाई व भाना में ओवरफलो तालाब की समस्या का समाधान करवाया गया। इसके अतिरिक्त खंड कार्यालय के कर्मचारियों व सभी ग्राम सचिव की बैठक लेकर आवश्यक दिशा निर्देश दिए।

### लीगल एड क्लीनिक का सितंबर का शेड्यूल जारी

**कैथल।** जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव एवं मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी कंवल कुमार ने बताया कि एडीआर केंद्र में लीगल एड हेल्पलाइन और फर्स्ट ऑफिस लीगल एड क्लीनिक के लिए सितंबर माह हेतु शेड्यूल जारी किया गया है। इसकी सेवाएं सभी कार्य दिवस के दौरान सुबह 9:30 बजे से सायं 5 बजे तक प्रदान की जाएगी। अधिवक्ता रूमेश रानी की ड्यूटी लगाई गई है।

### विवाहिता की दहेज प्रताड़ना का मामला दर्ज

**कैथल।** राजौद पुलिस ने एक विवाहिता की शिकायत पर दहेज प्रताड़ना का मामला दर्ज किया है। ग्राम सोंगल की एक महिला ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि उसकी शादी कुछ समय पूर्व जसवीर सिंह के साथ रिती रिवाज अनुसार हुई थी। शादी के समय दिए गए दहेज से वर पक्ष के लोग संतुष्ट नहीं थे तथा और अधिक दहेज की मांग को लेकर उसे परेशान करते थे। हर रोज की मारपीट तथा तानों से परेशान होकर वह अपने मायके लौट आई और पुलिस को शिकायत दी। उप निरीक्षक सुभाष चंद्र ने बताया कि पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### आर्य कन्या कॉलेज की छात्राओं ने लहराया परचम

**नरवाना।** जिला स्तरीय खेल प्रतियोगिता में आर्य कन्या महाविद्यालय की छात्राओं ने आयु वर्ग अंडर 14 में रचना, अंडर 17 में साक्षी, खुशबू व अंडर 19 में स्नेहा, जागृति, खुशी, अनुज ने प्रथम स्थान प्राप्त करके स्कूल का नाम रोशन किया। आर्य कन्या की छात्राओं ने जीत का परचम लहराया। आर्य समाज के प्रधान चंद्रकांत आर्य ने सभी छात्राओं को स्मृति चिह्न देकर का हौसला बढ़ाया। इस अवसर पर तेजपाल आर्य और ललित आर्य उपस्थित रहे। प्राचार्या मीना गर्ग ने सभी छात्राओं को बधाई दी।

### जिंदल फाउंडेशन ने 197 लोगों को स्वास्थ्य सेवाएं दी

**कैथल।** नवीन जिन्दल फाउंडेशन द्वारा संचालित मोबाइल मेडिकल यूनिट ने आज हल्का कैथल के गांव नंदसिंहवाला में पहुंच कर 197 लोगों को स्वास्थ्य लाभ पहुंचाया। उपरोक्त जानकारी देते हुए सांसद नवीन जिन्दल के कार्यालय प्रभारी धर्मवीर सिंह ने बताया कि सांसद नवीन जिन्दल की पहल पर चलाई जा रही मोबाइल मेडिकल युनिट में, एमबीबीएस डॉक्टर द्वारा परामर्श और जांच के बाद निःशुल्क दवाइयां वितरित की गई, साथ ही रक्त और युरिन के टेस्ट भी किए गए।

स्वास्थ्य विभाग: एक-एक कर बढ़ने लगी मरीजों की संख्या

# जिले में मिला डेंगू का एक और केस, 9 पहुंची संख्या

मलेरिया का भी मिल चुका है एक मामला, 200 से अधिक टीमें फील्ड में उतरी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जींद



जींद। मौसमी बीमारियों को लेकर जागरूक करते हुए स्वास्थ्यकमी। फोटो : हरिभूमि

लगातार हो रही बारिश के चलते स्वास्थ्य विभाग को एक-एक कर डेंगू के मामले मिलने लगे हैं। बुधवार को भी स्वास्थ्य विभाग को चाबरी कालोनी में डेंगू का एक मामला मिला है। अब डेंगू के मामले बढ़ कर नौ हो गए हैं। स्वास्थ्य विभाग को मलेरिया का भी एक मामला इस वर्ष मिला है। चिकनगुनिया का मामला विभाग को अब तक नहीं मिला है। डेंगू का मामला सामने आने पर स्वास्थ्य विभाग की टीम द्वारा चाबरी कालोनी समेत शहर की दर्जनों कालोनियों में डेंगू, चिकनगुनिया, मलेरिया के बचाव की जानकारी देने के लिए जागरूकता अभियान चलाया। बुखार से पीड़ित लोगों की जांच के लिए रक्त के नमूने लेकर जांच के लिए भिजवाए गए। इसके अलावा स्वास्थ्य कर्मचारियों ने जहां दूषित पानी से होने वाली डायरिया जैसी बीमारियों से बचाव हेतू पानी साफ करने वाली क्लोरीन की गोलियां तथा ओआरएस व जिंक की गोलियां भी वितरित की और पीने के पानी के सैंपल लेकर जांच के लिए भिजवाए। इस वर्ष स्वास्थ्य विभाग को अबतक डेंगू के नौ व मलेरिया का एक मामला मिला है। जहां पर डेंगू के मरीज मिल रहे हैं। वहां उस परिवार व आसपास के मकानों में बीमार लोगों के भी स्वास्थ्य विभाग सैंपल ले रहा है। उन घरों के पास लारवा की जांच कर दवाई का छिड़काव करवाया जा रहा है।

स्वास्थ्य निरीक्षक राममेहर वर्मा ने बताया कि सिविल सर्जन डा. सुमन कोहली के मार्गदर्शन में लगातार जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। इसके अलावा कालोनी में जहां-जहां सीवरेज तथा पीने के पानी की लीकेज मिली, उसको ठीक करने के लिए जन स्वास्थ्य विभाग, नगर परिषद के अधिकारियों को पत्र लिखा गया। स्वास्थ्यकर्मियों ने घर-घर जाकर लोगों को बताया कि प्रत्येक व्यक्ति यदि थोड़ी सी सावधानी करके अपने घर तथा आसपास की सफाई करते हुए गड्ढों, खाली पड़े टायरों व गमलों आदि में गंदा पानी खड़ा न होने देए पानी के बर्तनों को ढक कर रखे, सोते समय मच्छरदानी का प्रयोग करें। बारिश के चलते डेंगू का खतरा अभी भी बरकरार है। विभाग की टीम पूरी तरह सतर्क है और लगातार लार्वा की जांच का कार्य जारी है। अभियान अक्टूबर तक जारी रहेगा। वर्मा ने बताया कि यदि सर्दी व कंपन के साथ तेज बुखार, उल्टियां लगने, गर्मी लगने, बुखार एक दिन छोड़ कर दूसरे दिन आना, उल्टी दस्त होने, शरीर में कमजोरी आने पर मरीज को तुरंत अपने आसपास के स्वास्थ्य केंद्र या स्वास्थ्य कार्यकर्ता के पास ले जाकर खून की जांच करवाएं।

#### लारवा किया जा रहा नष्ट

जिला मलेरिया अधिकारी डा. बिजेंद्र ढांडा ने बताया कि टीमों द्वारा गहनता से जांच की जा रही है। पहले तो लारवा को नष्ट करवाया जा रहा है। जिन घरों के आसपास लारवा मिल रहा है, बाकायदा उनको नोटिस दिए जा रहे हैं। डेंगू व मलेरिया को रोकने के लिए स्वास्थ्य विभाग लगातार प्रयासरत है। इसके लिए स्वास्थ्य विभाग की 200 से अधिक टीमें फील्ड में हैं।

## वेदांता किड्स में विद्यार्थियों के लिए इंग्लिश कन्वर्सेशन ट्रेनिंग कार्यक्रम

- बच्चों का सर्वांगिण विकास करना ही इसका उद्देश्य : नैन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नरवाना



नरवाना। वेदांता किड्स स्कूल में बच्चों को इंग्लिश कन्वर्सेशन की जानकारी देते हुए अध्यापक। फोटो :हरिभूमि

वेदांता किड्स इंटरनेशनल स्कूल बसंत विहार में विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास के उद्देश्य से इंग्लिश कन्वर्सेशन ट्रेनिंग का आयोजन किया गया। इस विशेष प्रशिक्षण सत्र में बच्चों को अंग्रेजी भाषा में आत्मविश्वास के साथ संवाद करना सिखाया गया। कार्यक्रम की शुरूआत स्कूल डायरेक्टर प्रदीप नैन के प्रेरणादायी संबोधन से हुई। उन्होंने बताया कि आज के समय में अंग्रेजी भाषा का ज्ञान विद्यार्थियों के व्यक्तित्व विकास तथा उज्वल भविष्य के लिए अत्यंत आवश्यक है। ट्रेनिंग के दौरान विद्यार्थियों को विभिन्न रोचक गतिविधियों जैसे डायलॉग प्रैक्टिस, रोल प्ले, ग्रुप डिस्कशन करवाई गईं। रोल प्ले में डॉक्टर व पेशेंट, विद्यार्थियों का आपस में बात करनाए घर पर अतिथि के साथ बातचीत आदि शामिल रहे। विद्यार्थियों को कई गतिविधियों के माध्यम से इंग्लिश कन्वर्सेशन के तरीके बताए।

## "जनता की समस्याओं को नज़र अंदाज़ नहीं होने देंगे" : देवेंद्र हंस

- विधानसभा में विधायक देवेंद्र हंस, किसानों, सड़कों, सफाई और स्वास्थ्य पर सरकार को घेरा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सीवन



सीवन। विधान सभा में बोलते हल्का गुहला विधायक देवेंदर हंस। फोटो:हरिभूमि।

गुहला विधायक देवेंद्र हंस ने विधानसभा सत्र में अपने क्षेत्र की जनता की समस्याओं को जोरदार तरीके से उठाया और सरकार को कटघरे में खड़ा किया। उन्होंने कहा कि वर्षों से सीवन व गुहला क्षेत्र की जनता बुनियादी सुविधाओं के अभाव में परेशान है, लेकिन सरकार दिखावटी कामों में उलझी हुई है। विधायक ने सबसे पहले सीवन नगरपालिका की सफाई व्यवस्था पर सवाल उठाए। उन्होंने बताया कि सफाई का जिम्मा सुगम स्वच्छता प्रा. लि. को सौंपा गया है, लेकिन कंपनी के पास पर्याप्त वाहन और संसाधन नहीं हैं।

नतीजा यह है कि नगर की गली-गली गंदगी से जूझ रही है और जनता अपने बुनियादी स्वच्छता अधिकार से वंचित है। इसके बाद उन्होंने आठ साल से अधूरे पड़े सीवरेज प्रोजेक्ट को भ्रष्टाचार का उदाहरण बताते हुए उच्च स्तरीय जांच की मांग की।

उन्होंने कहा कि नगर की सड़कें खुदी पड़ी हैं, नालियाँ टूटी हैं और गंदा पानी लोगों के घरों के बाहर भर रहा है, लेकिन कोई अधिकारी या ठेकेदार जिम्मेदार नहीं ठहराया गया। विधायक ने सड़क और पुल निर्माण का मुद्दा भी जोरदार तरीके से उठाया।

## पहली संतान के रूप में बेटी का जन्म होने पर जताई खुशी

- कार्यक्रम में स्वास्थ्य वर्कर्स के साथ आशा और आंगनवाड़ी वर्कर्स भी हुई शामिल।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजौंद



राजौंद। कार्यक्रम के दौरान मौजूद परिजन व स्वास्थ्य विभाग की टीम। फोटो :हरिभूमि

बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ अभियान को मिली उड़ान, समाज में पहले उम्मीद की किरण राजौंद वार्ड नंबर 2 में विनय राणा और अनु के घर जब पहली संतान के रूप में एक नन्ही सी प्यारी सी बेटी ने जन्म लिया तो पूरे घर में वही उत्सव देखने को मिला। जो आमतौर पर बेटे के जन्म पर होता है। ढोल की थाप पर पूरा परिवार नाच उठा हर्ष उल्लास से भरे चेहरों और तालिया की गूंज ने यह साबित कर दिया की बेटी सिर्फ जिम्मेदारी नहीं बल्कि पूरे परिवार का अभिमान भी बन चुकी है। इस प्रेरणादायक पल के पीछे स्वास्थ्य विभाग की मेहनत और समर्पण शामिल हैं। जिसमें दर्शना चहल व रजनी एएनएम तथा समस्त आशा वर्कर आंगनवाड़ी वर्कर। जो दिन रात घर-घर जाकर लोगों को यह समझने में कोई कसर नहीं छोड़ी, की बेटा बेटी में कोई फर्क नहीं होता, बल्कि दोनों बराबर के अधिकारी होते हैं। बेटी केवल एक परिवार की खुशी नहीं है। यह एक सोच का उत्सव है, यह बदलाव दर्शाता है।



सीवन। सीवन नगर पालिका में बैठक में भाग लेते कर्मचारी। फोटो :हरिभूमि

### नपा सीवन में विशेष सफाई अभियान को लेकर सचिव ने अधिकारियों व कर्मचारियों की ली बैठक

**सीवन।** नगर पालिका सीवन में सचिव दीपक कुमार की अध्यक्षता में नगर पालिका के सभी कर्मचारियों की बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में उन्होंने हरियाणा सरकार के निर्देशानुसार नगर में 11 सप्ताह तक विशेष सफाई अभियान चलाए जाने के संबंध में विस्तार से जानकारी दी। यह अभियान 24 अगस्त से 7 नवंबर 2025 तक चलेगा। सचिव दीपक कुमार ने बताया कि इस अभियान को सफल बनाने के लिए नागरिकों सहित नगर के सभी सरकारी विभागों, पार्षदों, स्वयंसेवी संस्थाओं, व्यापारिक एवं धार्मिक संगठनों की सहभागिता सुनिश्चित की जाएगी। उन्होंने कहा कि बिना लोगों के सहयोग के यह अभियान सफल नहीं हो सकता। इसलिए प्रत्येक नागरिक को इसमें सक्रिय रूप से भागीदारी करनी चाहिए। अभियान के दौरान नगर के प्रत्येक मोहल्ले, गली और मकान तक सफाई कार्य पहुंचाया जाएगा। इस विशेष सफाई अभियान की टैगलाइन होगी। हर मोहल्ला, हर गली, हर मकान, स्वच्छ हरियाणा की पहचान।

## सौंगल के खिलाड़ियों ने जिला प्रतियोगिता में दिखाया दमखम



राजौंद। विजेता खिलाड़ियों के साथ स्कूल स्टाफ सदस्य। फोटो :हरिभूमि

हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजौंद

पी.एम. श्री सरकारी वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय सौंगल के खिलाड़ियों ने जिला स्तरीय प्रतियोगिता में बेहतरीन प्रदर्शन करते हुए विद्यालय और क्षेत्र का नाम रोशन किया। विद्यालय के प्रतिभाशाली खिलाड़ियों ने कुल 18 पदक जीतकर इतिहास रचा है। बाक्सिंग में 1 स्वर्ण पदक,जूडो में 8 स्वर्ण पदक,जूडो में 7 रजत पदक, जूड़ो में 2 कांस्य पदक शामिल हैं। विद्यालय में इस उपलब्धि पर खुशी जताई और खिलाड़ियों व प्रशिक्षकों को बधाई दी। विद्यालय के प्रधानाचार्य रमेश राविश ने कहा कि यह उपलब्धि छात्रों की मेहनत, लगन और शिक्षकों के मार्गदर्शन का परिणाम है। उन्होंने आशा व्यक्त की कि आने वाले समय में विद्यालय के खिलाड़ी राज्य व राष्ट्रीय स्तर पर भी अपना परचम लहराएंगे।

## संस्कृत विवि में फ्लैगशिप योजनाओं पर एक दिवसीय कार्यशाला आयोजित

- कार्यशाला में वक्ताओं ने योजनाओं की दी जानकारी।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजौंद



राजौंद। कार्यशाला में भाग लेते हुए व विशेषज्ञ जानकारी देते हुए।

'मेरा युवा भारत' कैथल द्वारा महर्षि वाल्मीकि संस्कृत विश्वविद्यालय में फ्लैगशिप योजनाओं पर एक दिवसीय कार्यशाला का सफलतापूर्वक आयोजन किया गया। इस कार्यशाला का उद्देश्य युवाओं को भारत सरकार की प्रमुख योजनाओं के प्रति जागरूक करना एवं उन्हें आत्मनिर्भर बनने के लिए प्रेरित करना रहा।कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलन के साथ हुआ, जिसमें मुख्य अतिथि प्रो. संजय कुमार गोयल, कुलसचिव महर्षि वाल्मीकि संस्कृत विश्वविद्यालय तथा अन्य विशिष्ट अतिथियों ने भाग लिया। कार्यक्रम में मंच का संचालन प्रो.गोविंद बल्लभ द्वारा किया गया।

जिला युवा अधिकारी मेरा युवा भारत मोहित नेहरा ने सभी अतिथियों एवं संसाधन व्यक्तियों का स्वागत किया। विष्णु शर्मा ब्लॉक रिसोर्स कोऑर्डिनेट पीएचई विभाग ने जन जीवन मिशन,'हर घर जल' योजना और जल संरक्षण विषय पर प्रकाश डाला।

### जल्द निपटान करें अधिकारी : एडीसी

**कैथल।** बुधवार को एडीसी कार्यालय में जिला स्तरीय क्लीयरेंस कमेटी (डीएलसीसी) तथा जिला स्तरीय शिकायत कमेटी (डीएलजीसी) व जिला स्तरीय टेलिकोम कमेटी (डीएलटीसी) की मीटिंग का आयोजन किया गया। एडीसी दीपक बाबूलाल करवा ने संबंधित विभागों को निर्देश दिए कि नए उद्योग लगाने से संबंधित जो भी आवेदन प्राप्त हुए हैं, उन्हें जल्द से जल्द निपटान किया जाए। ताकि जिले में इज ऑफ डूइंग बिजनेस को बढ़ावा मिल सके व अधिक उद्योग स्थापित हो सके। डीएलसीसी के सदस्य सचिव कम जिला उद्योग केंद्र कैथल के उपनिदेशक गौरव शर्मा ने विभिन्न विभागों से संबंधित कुल 13 कैसों को रखा।

## जिला स्तर पर छात्रों का जलवा, अब राज्य स्तर की तरफ बढ़ाए कदम

- वुड स्टॉक स्कूल के खिलाड़ियों ने खेलों में किया उत्कृष्ट प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जींद



जींद। जिला स्तर पर अच्छा प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थी निदेशक और उप निदेशक के साथ।

वुड स्टॉक पब्लिक स्कूल जींद के होनहार खिलाडि़यों ने जिला स्तरीय प्रतियोगिताओं में शानदार प्रदर्शन किया। निदेशक डा. नरेंद्र नाथ शर्मा और उपनिदेशक आशुतोष के अनुसार रोनक ने तीरंदाजी अंडर 14 आयु वर्ग में तृतीय स्थान, श्रीकांत ने तीरंदाजी अंडर 17 आयु वर्ग में द्वितीय स्थान, गीत ने तीरंदाजी अंडर 17 आयु वर्ग में प्रथम स्थान, राधिका ने अंडर 19 आयु वर्ग में द्वितीय स्थान, शुभम ने भाला फेंक अंडर 19 आयु वर्ग में प्रथम स्थान हासिल किया।

शोमेश ने बॉक्सिंग अंडर 17 आयु वर्ग में प्रथम स्थान, हार्दिक ने कराटे 82 किलो अंडर 19 आयु वर्ग में प्रथम स्थान, महक ने वेट लिफ्टिंग 55 किलो में प्रथम स्थान, लावण्या ने वेट लिफ्टिंग 55 किलो में द्वितीय स्थान, छवि ने वेट लिफ्टिंग के 77 किलो में प्रथम स्थान, दिपांशु ने नेट बॉल के अंडर 19 आयु वर्ग में प्रथम स्थान, अरमान मलिक ने बास्केटबॉल अंडर 19 आयु वर्ग में प्रथम स्थान पर रहे।

## जुलाना सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र की रिपेयर की जगह हो रही खानापूर्ति

- डेढ़ करोड़ की लागत से होगी अस्पताल की रिपेयर
- जर्जर हालात में है बिल्डिंग, छत का दिख रहा सरिया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जुलाना



जुलाना। जुलाना के अस्पताल में वाल पुट्टी से दरारों को भरते मजदुर।

जुलाना सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र की बिल्डिंग जर्जर हालत कई वर्षों से बनी हुई थी। छत से सरिया भी दिखाई देता है। कई बार तो छत से कंकरीट कर्मचारियों के उपर भी गिर रही थी। विभाग द्वारा कई बार इसकी रिपेयर की मांग की गई। सरकार ने रिपेयर के लिए डेढ़ करोड़ की राशि मंजूर की। रिपेयर का काम शुरू होने पर स्वास्थ्य कर्मचारियों ने देखा कि रिपेयर की जगह सीधी वाल पुट्टी लगा कर खानापूर्ति की जा रही है। दीवारों से ईंटें भी दिखाई दे रही हैं और छत पर सरिया भी दिख रहा है। कई जगह बड़ी-बड़ी दरारें आई हुई हैं। दरारों को भी वाल पुट्टी से ही भरा जा रहा है। कर्मचारियों ने ठेकेदार पर लापरवाही का आरोप लगाया। कई बार कर्मचारियों ने काम बंद करने के लिए भी बोला लेकिन ठेकेदार ने काम बंद नही किया। स्वास्थ्य कर्मचारियों ने मांग की है कि इमारत की रिपेयर का काम सही ढंग से किया जाए।

मिडल स्कूलों के लिए दो, हाई के लिए 3 व माध्यमिक के लिए 4 हजार रुपये

## सरकारी स्कूलों में आयोजित होंगे कल्चरल फेस्ट

- ब्लॉक स्तरीय प्रतियोगिता में विद्यार्थियों को मिलेगी ईनाम राशि

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जींद



राजकीय स्कूलों में कल्चरल फेस्ट कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। इसमें पांचवीं से आठवीं व 9वीं से 12वीं कक्षा तक दो कैटेगरी में विद्यार्थी भाग लेंगे। कल्चरल फेस्ट के दौरान विद्यार्थी फॉक डांस, सोलो सॉग, स्किट व रागनी जैसी प्रतियोगिताओं में भाग लेंगे। पहले विद्यालय स्तर पर प्रतियोगिताएं होंगी। जो 28 से 30 अगस्त तक चलेंगे। मिडिल स्कूलों को प्रति स्कूल दो हजार, हाई स्कूलों को तीन हजार व वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालयों को चार हजार रुपये की राशि स्कूलों को उपलब्ध करवाई जाएगी। खंड स्तर पर पांच से 15 सितंबर व जिला स्तर पर 24 से 26 सितंबर तक जिला स्तरीय प्रतियोगिताएं होंगी। कल्चरल फेस्ट में केवल राजकीय स्कूल, मॉडल संस्कृति विद्यालय, आरोही स्कूल, कस्तूबरा गांधी विद्यालयों की कक्षा पांचवीं से आठवीं व नौवीं से 12वीं कक्षा के विद्यार्थी ही प्रतिभागी होंगे।

#### ब्लॉक स्तरीय प्रतियोगिता में

| इवेंट का नाम | प्रथम स्थान | दूसरा स्थान | तीसरा स्थान | सांत्वना पुरस्कार | कुल राशि |
|---|---|---|---|---|---|
| फॉक डांस ग्रुप | 3000 | 2500 | 2000 | 800 | 8300 |
| फॉ डांस सोलो | 2000 | 1500 | 1000 | 800 | 5300 |
| रागनी सोलो | 2000 | 1500 | 1000 | 800 | 5300 |
| स्किट ग्रुप | 3000 | 2500 | 2000 | 800 | 8300 |

#### जिला स्तरीय प्रतियोगिता के लिए

| इवेंट का नाम | प्रथम स्थान | दूसरा स्थान | तीसरा स्थान | सांत्वना पुरस्कार | कुल राशि |
|---|---|---|---|---|---|
| फॉक डांस ग्रुप | 10000 | 8000 | 6000 | 2000 | 26000 |
| फॉ डांस सोलो | 4100 | 3100 | 2100 | 2000 | 11300 |
| रागनी सोलो | 4100 | 3100 | 2100 | 2000 | 11300 |
| स्किट ग्रुप | 10000 | 8000 | 6000 | 2000 2 | 6000 |

#### पत्र किया जारी

डीईओ डा. सुभाष वर्मा ने बताया कि राजकीय स्कूलों में कल्चरल फेस्ट को लेकर विद्यालय शिक्षा निदेशालय द्वारा पत्र जारी हुआ है। विद्यार्थी फॉकडांस ग्रुप, फॉक डांस सोलो, रागनी सोलो व स्किट ग्रुप जैसी गतिविधियों में भाग लेंगे। यह प्रतियोगिताएं विद्यार्थियों को सांस्कृतिक गतिविधियों में आगे बढ़ाने के लिए कारगर साबित होंगी।

#### यह रहेंगे निर्देश

सभी प्रतिभागी लाइव म्यूजिक के साथ प्रस्तुति देंगे। केवल स्किट में बैंक ग्राउंड संगीत में रिकॉर्डिंग अथवा लाइव जो भी टीम की जरूरत हो की अनुमति होगी। वेशभूषा एवं प्रोप्स के लिए प्रतिभागी टीम को अपने स्तर पर प्रबंध करना होगा। संगीतकार में गायक, सहगायक, संगीतज्ञ को शामिल किया गया है। संगीतकार गायक , सहायक केवल उसी कक्षा समूह में ही भाग ले सकेंगे। जिस कक्षा समूह में प्रतियोगिता होगी। 100 अंकों के आधार पर निर्णय लिया जाएगा। जिसमें वेशभूषा के 20 अंक, प्रस्तुति के 20 अंक, संगीत के 20 अंक व प्रोप्स के लिए 20 अंक निर्धारित किए गए हैं।